


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 75 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 06 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# दुहाई से मोदीनगर नार्थ तक दौड़ी 'नमो ट्रेन'

## पीएम मोदी ने कोलकाता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी



**गाजियाबाद (एजेंसी)।** नमो भारत ट्रेन के दूसरे चरण के दुहाई से मोदीनगर नार्थ तक 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का वर्चुअल उद्घाटन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता से किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री ने आरआरटीएस के मुरादनगर स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। एनसीआरटीसी ने इस खंड का यात्री किराया भी तय कर दिया है। यात्रियों को साहिबाबाद से मोदीनगर नार्थ तक सामान्य श्रेणी कोच में 90 रुपये और प्रीमियम कोच में 180 रुपये किराया देना होगा। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## पानी के नीचे दौड़ी पहली मेट्रो ट्रेन

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलकाता में कवि सुभाष मेट्रो, माझेरहाट मेट्रो, कोच्चि मेट्रो, आगरा मेट्रो, मेरठ-आरआरटीएस सेक्शन, पुणे मेट्रो, एस्प्लेनेड मेट्रो-कोलकाता से मेट्रो रेलवे सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देश में कई मेट्रो परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें कोलकाता में पानी के अंदर देश की पहली मेट्रो लाइन भी शामिल है। इस दौरान कोलकाता मेट्रो के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर में 4,965 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड का उद्घाटन भी किया गया। यह किसी भी बड़ी नदी के नीचे देश की पहली परिवहन सुरंग है। इस खंड में



बना हावड़ा मेट्रो स्टेशन देश का सबसे गहराई में स्थित स्टेशन भी होगा। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की और मेट्रो के कर्मचारियों (शेष पृष्ठ-5 पर)

## यूपी के सबसे ज्यादा शहरों में दौड़ती है मेट्रो : योगी



**आगरा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता से वर्चुअल माध्यम से आगरा मेट्रो के प्राथमिकता वाले छह किमी लंबे कारिडोर का शुभारंभ किया। सुबह साढ़े नौ बजे से ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,(शेष पृष्ठ-5 पर)

## पुलिस भर्ती पेपर लीक गिरोह के सरगना को नोएडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा पेपर लीक के तार अब नोएडा से भी जुड़ गए हैं। यूपी पुलिस को इस मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। एसटीएफ ने यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक कराने वाले गिरोह के एक सरगना को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह को भारतीय वायु सेना से बर्खास्त कर्मचारी चला रहा था। वायु सेना से बर्खास्त कर्मचारी के पास से छात्रों के एडमिट कार्ड, चेक तथा कुछ डायरियां भी मिली हैं जिसमें पैसों के लेनदेन के अलावा गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम कोड वर्ड में लिखे हुए हैं।

एसटीएफ के उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार त्यागी तथा उनकी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि झांसी में दर्ज

**● एयरफोर्स का बर्खास्त कर्मचारी चला रहा था गिरोह**



पेपर लीक मुकदमे से संबंधित वांछित मोनू पंडित व उसका साथी दिल्ली के मुखर्जीनगर में रह रहा है। यह लोग मुखर्जीनगर में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को परीक्षा में सॉल्वर के तौर पर बैठाने की तलाश में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दिल्ली के मुखर्जीनगर पहुंचकर प्रमोद कुमार पाठक पुत्र हरिश्चंद्र निवासी पारसोली थाना नौझील को दबोच लिया। प्रमोद कुमार पाठक हाल में नोएडा के सेक्टर-37 स्थित अरुण विहार में रहता है। प्रमोद कुमार पाठक ने पुलिस को बताया कि वह एयरफोर्स में कॉरपोरल के पद पर कार्यरत है उसने अपना परिचय पत्र भी पुलिस टीम को दिखाया। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## सिक्योरिटी गार्ड व दो महिलाओं ने लगाई फांसी

**नोएडा (चेतना मंच)।** मानसिक तनाव लोगों पर इस कदर हावी हो रहा है कि उन्हें अपने जीवन से जरा भी मोह नहीं रह गया है। आए दिन तनाव ग्रस्त लोग मौत की राह चुन रहे हैं। बीते 24 घंटे के दौरान अलग-अलग स्थान पर सिक्योरिटी गार्ड व दो महिलाओं ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के सुनपुरा गांव में औरैया निवासी शंभू सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह किराए पर रहता था। वह एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। बीती शाम पड़ोस में रहने वाले किराएदारों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखकर मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने इसकी सूचना थाना ईकोटेक-3 पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पुलिस को पता चला कि शंभू सिंह पारिवारिक कलह के कारण पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। शंभू सिंह के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में अलीगढ़ निवासी खुशबू अपनी बहन के (शेष पृष्ठ-5 पर)

## महिला विरोधी है तृणमूल कांग्रेस : इंद्राणी मुखर्जी



**नोएडा (चेतना मंच)।** पश्चिमी बंगाल के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के नेता द्वारा महिलाओं पर हुए दुष्कर्म, अत्याचार को लेकर आज महिला संगठनों की समन्वय समिति द्वारा सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को सौंपा।

राष्ट्रीय सेविका समिति की जिला अध्यक्ष इंद्राणी मुखर्जी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने संदेशखाली की घटना पर आक्रोश जताया तथा इस मामले में केन्द्रीय एजेंसियों से जांच कराने तथा पश्चिम बंगाल से बाहर मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में करने की मांग की।

**● संदेशखाली के अपराधी के खिलाफमहिलाओं का आक्रोश फूटा, डीएम को सौंपा ज्ञापन**

राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की गई कि संदेशखाली के मुख्य आरोपी शहजाद शेख को तृणमूल कांग्रेस संरक्षण दे रही है तथा बचा रही है। इस सरकार में महिलाओं को न्याय नहीं मिलेगा। जिलाध्यक्ष इंद्राणी मुखर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस महिला (शेष पृष्ठ-5 पर)

## इंस्पेक्टर का कमरे से मोबाइल व पर्स चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा गौतम बुध नगर कार्यालय में तैनात एक इंस्पेक्टर का मोबाइल फोन व पर्स चोरी हो गया। इंस्पेक्टर ने थाना सूरजपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर अनूप सिंह राणा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह वर्तमान में अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा गौतम बुध नगर कार्यालय में निरीक्षक गोपनीय के पद पर कार्यरत है। उन्होंने सूरजपुर कस्बे में एक कमरा किराए पर ले रखा है। 29 फरवरी की सुबह में नहाने के बाद कमरे की कुंडी लगाकर अपने कपड़े छत पर डालने के लिए गए थे। कपड़े डालकर जब वह नीचे आए तो (शेष पृष्ठ-5 पर)

## राइफल चुराने वाला बदमाश पुलिस की गोली से लंगड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** हरौला गांव से बीते दिनों एक गनमैन की राइफल चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया जबकि दूसरे बदमाश को पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की गई राइफल व कारतूस आदि बरामद हुए हैं।



मूल रूप से ग्राम डिगरी जनपद कन्नौज निवासी श्याम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने दामाद शिवम के साथ हरौला गांव में धर्मवीर जाटव के मकान में किराए पर रह रहा है। बीते 1 मार्च की रात्रि को वह ड्यूटी खत्म कर अपने कमरे पर आया था। सुबह जब वह और उसका दामाद सोकर उठे तो उसके लाइसेंसी राइफल, कारतूस, मोबाइल फोन व कुछ रुपए गायब थे। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## रात के अंधेरे में चल रहा था अवैध निर्माण

**नोएडा (एजेंसी)।** भंगेल में जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के राजस्व निरीक्षक भूलेख विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**प्राधिकरण ने दर्ज कराई एफआईआर**

राजस्व निरीक्षक महेश कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि नोएडा के ग्राम भंगेल में खसरा संख्या 217 पर गणेशनगर पांडवनगर दिल्ली निवासी संजीव कुमार त्रिपाठी द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किये अवैध रूप से अनधिकृत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी बनाकर 25 लाख डकारने की साजिश

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दुर्घटना के बाद फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी के जरिए लाखों रूपये की राशि को निकलवाने का प्रयास करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी ने फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी बनाकर कोर्ट और पुलिस रिकॉर्ड में लगा दी थी। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के कंटेंटमेंट यूनिट मैनेजर ने यह मुकदमा दर्ज कराया है।

कंटेंटमेंट यूनिट मैनेजर शिरीष मिश्रा ने बताया कि उनकी कंपनी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी मोटर व्हीकल इंश्योरेंस, होम इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस सहित कई अन्य इंश्योरेंस करती है। 2017 में थाना जेवर क्षेत्र में एग्रीकल्चर ट्रैक्टर खेत को समतल करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आने से सतवीर नामक व्यक्ति घायल हो गया था और उसे गंभीर चोटे आई थी। इस मामले में थाना जेवर में धारा-307 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रैक्टर रामवीर के नाम पर रजिस्टर्ड था। रामवीर ने अपने एग्रीकल्चर ट्रैक्टर की फर्जी फैब्रिकेटेड पॉलिसी बनाकर (शेष पृष्ठ-5 पर)

## पिछड़ा वर्ग का सर्वाधिक कल्याण भाजपा में: उमेश त्यागी

### सलारपुर में ओबीसी मोर्चा ने किया सामाजिक सम्मेलन, सरकार की उपलब्धियां बताईं



**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। गरीबों, महिलाओं, किसानों, ओबीसी, दलितों व नौजवानों के लिए इतनी कल्याणकारी योजनाएं अमल में लाई गई हैं जो आजादी के बाद से अब तक किसी भी सरकार में नहीं हुईं। यही कारण है कि देश का हर नागरिक तीसरी बार मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए बेताब है। यह कहना था भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर के महामंत्री उमेश त्यागी ने। (शेष पृष्ठ-5 पर)






# कैफे में धमाका

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू भारत की 'सिलिकॉन वैली' है। वहां के लोकप्रिय 'रामेश्वरम कैफे' में बीते शुक्रवार को ऐसा विस्फोट हुआ, जिसकी नीयत और ताकत आतंकी हमले से कम नहीं थी। विस्फोट में 9 लोग घायल हुए। उनमें 45 साल की एक महिला पहचानी गई, जो सेमीकंडक्टर की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में लेखापाल के पद पर कार्यरत है। वह विस्फोट में झुलस गई है और फिलहाल जख्मों से लड़ रही है। शुरुआती जांच के संकेत हैं कि एक अनजान व्यक्ति ने विस्फोट से कुछ मिनट पहले ही उस लोकप्रिय कैफे में बैग रखा था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध की पहचान की जा सके। संभवत- आईईडी विस्फोटक उपकरण उसी बैग में रखा गया था। खान-पान के ऐसे लोकप्रिय स्थलों पर भी सुरक्षा में सुराख देखे गए हैं। वहां पर्याप्त सुरक्षा-व्यवस्था नहीं होती। जबकि ऐसे स्थल ही आतंकी या किसी अन्य हमले के 'आसान लक्ष्य' होते हैं। जांच की कुल 8 टीमें काम कर रही हैं। पुलिस 2022 से उन आतंकी हमलों के साथ इस विस्फोट के संपर्क की संभावनाओं को भी खंगाल रही है, जहां ऐसे ही विस्फोटक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया था। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच का आश्वासन दिया है और अपेक्षा की है कि इस घटना का राजनीतिकरण न किया जाए। विपक्षी भाजपा ने इसे कानून-व्यवस्था की नाकामी करार दिया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कर्नाटक विधानसभा में पाकिस्तान-समर्थक नारों से इस विस्फोट को जोड़ा है। सवाल है कि क्या यह माना जाए कि बेंगलुरू में भी पाकिस्तान के दहशतगर्द तत्त्व और खुफिया एजेंसी आईएसआई पहुंच गए हैं, जिन्होंने ऐसे विस्फोट को अंजाम दिया? वैसे माहौल को गरम और उग्र बनाने में सत्तारूढ़ कांग्रेस का भी योगदान कम नहीं रहा है। उपमुख्यमंत्री ने विस्फोट को 2022 के मंगलूरु विस्फोट से जोड़ दिया, जब राज्य में भाजपा सरकार थी। उपमुख्यमंत्री जैसा जिम्मेदार शख्स यह आरोप किस आधार पर लगा सकता है? उन्होंने इसके विपरीत ही बयान दिया था और राजनीतिकरण न करने का आग्रह किया था। ऐसा दोगलापन ही आतंकी घटनाओं का राजनीतिकरण करता है। राज्य और केंद्र सरकार की अपनी-अपनी एजेंसियां हैं, जिनके दायरे परिभाषित हैं। जांच दलों को अपना काम करने दें। वे ही किसी निष्कर्ष की ओर संकेत कर सकते हैं। दरअसल 'रामेश्वरम कैफे' में यह विस्फोट ज्यादा भयावह इसलिए है, क्योंकि यह वहां स्थित है, जहां आईबीएम, एसएपी सरीखी आईटी कंपनियां और कई स्टार्टअप मौजूद हैं। यह देश का प्रौद्योगिकी केंद्र है। इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेशेवरों के लिए यह कैफे एक लोकप्रिय ठिकाना है। खान-पान के पकवानों के लिए यह विख्यात है। जब दोपहर एक बजे के करीब विस्फोट हुआ, तो कई पेशेवर वहां लंच कर रहे थे। घायलों में वेल्डर, मैकेनिक, बिजली वाले, मिस्त्री आदि 'ब्लू कॉलर' प्रवासी कामगार भी शामिल थे। बेंगलुरू के रेस्टॉरेंट क्षेत्र को अब खुद महसूस करना पड़ेगा कि वे सावधान हो जाएं। अपने ग्राहकों पर निगरानी रखें। एक मजबूत सुरक्षा व्यवस्था तैयार करें। उन्हें अपने स्टाफ को भी प्रशिक्षित करने की जरूरत है, ताकि वे किसी भी संदिग्ध व्यवहार वाले व्यक्ति को पहचान सकें। आपात स्थिति के लिए ऐसे मानदंड भी तैयार किए जाएं, ताकि उनका स्टाफ ग्राहकों को बचा कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचा सके। अस्पताल भी एक महत्वपूर्ण स्थान है। हालांकि शहर की होटल एसोसिएशन ने कहा है कि वह सुरक्षा-व्यवस्था को सुधारने के लिए एक योजना तैयार करेगी। होटल वाले अपनी एसोसिएशन के सदस्यों और पुलिस से जल्द ही बैठक कर संवाद करेंगे। जाहिर है कि किसी योजना की रूपरेखा पर भी विमर्श होगा। बेंगलुरू में हमने कई बार सांप्रदायिक दंगों की सूरत भी देखी है। तब सामने आता रहा है कि अचानक लाठियां और पत्थर लिए एक भीड़ सडक़ पर निकल आती है। बहरहाल जांच के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जो ( जिस किसी प्रकार से ) दूसरे का धन हरण कर ले, वही बुद्धिमान है। जो दंभ करता है, वही बड़ा आचारी है। जो झूठ बोलता है और हँसी-दिल्लगी करना जानता है, कलियुग में वही गुणवान कहा जाता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**निराचार जो श्रुति पथ त्यागी। कलिजुग सोइ ग्यानी सो बिरागी॥**
**जाकें नख अरु जटा बिसाला। सोइ तापस प्रसिद्ध कलिकाला॥**

जो आचारहीन है और वेदमार्ग को छोड़े हुए है, कलियुग में वही ज्ञानी और वही वैराग्यवान है। जिसके बड़े-बड़े नख और लंबी-लंबी जटाएँ हैं, वही कलियुग में प्रसिद्ध तपस्वी है॥

**दो0-असुभ बेष भूषन धरें भच्छाभच्छ जे खाहिं।**
**तेइ जोगी तेइ सिद्ध नर पूज्य ते कलिजुग माहिं॥**

जो अमंगल वेष और अमंगल भूषण धारण करते हैं और भक्ष्य-भक्ष्य (खाने योग्य और न खाने योग्य) सब कुछ खा लेते हैं वे ही योगी हैं, वे ही सिद्ध हैं और वे ही मनुष्य कलियुग में पूज्य हैं॥

**जे अपकारी चार तिन्ह कर गौरव मान्य तेइ।**
**मन क्रम बचन लबार तेइ बकता कलिकाल महुँ॥**

जिनके आचरण दूसरों का अपकार (अहित) करने वाले हैं, उन्हीं का बड़ा गौरव होता है और वे ही सम्मान के योग्य होते हैं। जो मन, वचन और कर्म से लबार (झूठ बकने वाले) हैं, वे ही कलियुग में वक्ता माने जाते हैं॥

**नारि बिबस नर सकल गोसाईं। नाचहिं नट मर्कट की नाईं॥**
**सूद्र द्विजन्ह उपदेसहिं ग्याना। मेल जनेऊ लेहिं कुदाना॥**

हे गोसाईं! सभी मनुष्य स्त्रियों के विशेष वश में हैं और बाजीगर के बंदर की तरह (उनके नचाए) नाचते हैं। ब्राह्मणों को शूद्र ज्ञानोपदेश करते हैं और गले में जनेऊ डालकर कुत्सित दान लेते हैं॥

**सब नर काम लोभ रत क्रोधी। देव बिप्र श्रुति संत बिरोधी॥**
**गुन मंदिर सुंदर पति त्यागी। भजहिं नारि पर पुरुष अभागी॥**

सभी पुरुष काम और लोभ में तत्पर और क्रोधी होते हैं। देवता, ब्राह्मण, वेद और संतों के विरोधी होते हैं। अभागिनी स्त्रियाँ गुणों के धाम सुंदर पति को छोड़कर पर पुरुष का सेवन करती हैं॥

क्रमश:

# मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा।

भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।

इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया।

वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ''आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।'' खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं।

ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है।



इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीश कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया।

नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याशियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी शर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेश दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है।

देष की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊर्जावान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देश और देशवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांश नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है।

विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देश को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है।

पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी। देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलांयस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है। लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा। लेकिन, यदि सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आती है तो फिर मोदी के चेहरे का फायदा फिर भाजपा को मिलेगा।

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ**
**स्वतंत्र पत्रकार**

# एमएसपी को कानूनी दर्जे से मजबूत होगी कृषि

कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यत- गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी एमएसपी पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाजार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 एमएसपी फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है। अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं जिनका निजी बाजार मजबूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए एमएसपी एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में फ्लोर प्राइस बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं- वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए क्विंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। एमएसपी का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार एमएसपी के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए।

यह दो तरीकों से हो सकता है। मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार एमएसपी से कम दाम पर न हो। जहां मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी एमएसपी से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना जरूरी हो तो अंशकालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए। कॉम्पिटिशन से निजी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाजार भाव एमएसपी के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की जरूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है। दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव एमएसपी से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब एमएसपी का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी एमएसपी नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाजार एमएसपी के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल एमएसपी के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी। उदाहरण के लिए गेहूं को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव एमएसपी के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले।



नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष एमएसपी की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूं और चावल को छोडक़र) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 एमएसपी फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएंगे। इसे अनिवार्य करने के लिए एमएसपी की घोषणा से उपार्जन को जोडऩा होगा और केंद्र द्वारा संचालित एफसीआई को जिम्मेदारी एवं वित्तीय खर्च उठाना होगा। हर राज्य के लिए गेहूं और धान के साथ चुनिन्दा क्षेत्रीय फसलों पर यह नियम लागू होगा। केन्द्र और राज्य इसे तय करेंगे। कई मायनों में एफसीआई का काम बढ़ेगा। उन्हें उन राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर या सार्वजनिक व्यवस्था में निवेश करना होगा जहां आज उपार्जन की व्यवस्था नहीं है। एफसीआई को गेहूं और चावल इन नए इलाकों से भी खरीदने होंगे और उसे अन्य फसलों के लिए भंडारण और वितरण की व्यवस्था बनानी होगी। गेहूं और चावल को छोडक़र एफसीआई को 30 प्रतिशत दूसरी फसलों का भण्डारण करना चाहिए, अन्यथा बिना उपार्जन वाली एमएसपी व्यवस्था एक खोखली घोषणा भर बनी रहेगी। जैसा पहले कहा गया है, केवल उपार्जन से बात नहीं बनेगी। मंडी में निजी बाजार भाव को ऊपर उठाना होगा। 60-70 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से होना है। इसके लिए राज्य सरकार को सार्वजनिक मंडी को मजबूत बनाना होगा और उसमें निवेश करना होगा। पारंपरिक मंडी को बेहतर बनाना और वहां खुली नीलामी एवं निगरानी की व्यवस्था कायम करनी होगी।

इन सब पर अध्ययन हैं, लेकिन उनकी अनुशंसाओं पर काम नहीं हुआ है। तीसरी सूची उन फसलों की है जिनका बाजार भाव एमएसपी से बहुत दूर है। कई दशकों की मार से इन फसलों की मांग घट गई है। किसानों ने इन्हें लगभग छोड़ दिया है। इनमें मोटा अनाज शामिल है जो सबसे पौष्टिक है, पर इनका चलन बहुत कम है। उदाहरण के लिए ज्वार एक समय मुख्य अनाज होता था। दो वर्ष पहले उसका मण्डी भाव 1300 रुपए क्विंटल से 1450 रुपए क्विंटल था, जबकि एमएसपी 2738 रुपए क्विंटल था। ऐसी परिस्थिति में केवल सरकारी खरीदी से बात नहीं बनेगी। यहां लक्ष्य होगा कि जनमानस में फिर से इसका चलन बने। ज्वार, बाजरा, जौ, रागी आदि इसी समूह में आते हैं। इनकी खपत बढ़ाना जरूरी लक्ष्य होना चाहिए, तभी किसान इनकी खेती के लिए प्रोत्साहित होंगे। यहां सरकारी खरीदी के साथ-साथ उत्पादन के लिए विशेष मदद करनी होगी। इन समूहों को देखते हुए यह बात साफ हो जाती है कि हर राज्य को अपनी परिस्थितियों के अनुसार लक्ष्य बनाना होगा। एमएसपी का मॉडल केंद्रीय कानून हो सकता है, जिसे राज्यों को अपनाते हुए नियम एवं योजनाओं को बनाना होगा।

यहां किसान संगठनों की अहम भूमिका होनी चाहिए क्योंकि मिश्रित खेती पर लौटने के लिए किसानों से चर्चा करके योजना बनाई जानी चाहिए। केंद्रीय कानून में राज्यों को वित्तीय सहायता देने का प्रावधान होना चाहिए, ताकि वे व्यवस्था बना पाएं। अन्यथा हम कभी गेहूं-धान के चक्र से नहीं निकल सकते। अक्सर एमएसपी के संदर्भ में कहा जाता है कि वित्तीय बोझ होगा। यदि हम मानकर चलें कि फसलों के लिए हमें सरकारी उपार्जन और निजी बाजार दोनों की जरूरत है, तो उपार्जन का खर्चा अपने आप कम हो जाता है। दूसरा, इसे सब्सिडी की नजर से न देखकर निवेश के रूप में देखें। क्या इस निवेश से विकास की पूर्ति हो रही है? किसानों को उचित भाव मिलना और खेती में सुरक्षा एवं गरिमा महसूस करना महत्वपूर्ण लक्ष्य है। खेती को मिश्रित फसल चक्र पर ले जाना कृषि विकास के लिए जरूरी कदम होगा। मंडी व्यवस्था को बेहतर और न्यायसंगत बनाना कृषि बाजार के लिए उचित होगा। खाद्य नीति को केवल गेहूं-धान तक सीमित नहीं रखकर उसमें मोटे अनाज, तेल और दालों को शामिल करना जरूरी है। एमएसपी को कानूनी स्वरूप देना मजबूरी नहीं, कृषि विकास के लिए एक मौका है।

**-अरविंद सरदाना**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : दशमी | ( विक्रम संवत् 2080 )

**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
वंडरफुल समय। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी, व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय।

**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।

**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।

**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
शाम तक आय में आशातीत बढ़ोतरी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे।

**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा।

**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। यद्यपि, गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात होगी। आनंद की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।

**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय, प्रेम के लिए अति उत्तम समय, संतान के लिए अति उत्तम समय।

**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। घर में कुछ उत्सव सा माहौल रहेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी।

**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
व्यापार का विस्तार होगा। अपनों का साथ होगा। परेशानी दूर होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
शब्द साधक की तरह दिखाई पड़ेंगे। वाणी से जिसको चाहेंगे अपनी मुट्ठी में कर लेंगे। धन का आवक बढ़ेगा।

# यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नोएडा,
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक - वाई.ई.ए./भूलेख/660/2024 दिनांकः 04.03.2024

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में ग्राम सालारपुर, तहसील सदर, जनपद–गौतमबुद्धनगर में यमुना एक्सप्रेसवे औ. वि. प्राधिकरण द्वारा अर्जन प्रस्ताव 341.4651 हे. भूमि के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी भूमि आंवटित किये जाने हेतु अनन्तिम पात्र सूची निम्नवत् है–

**ग्राम सालारपुर में 341.4651 हे. अर्जित भूमि के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी आबंटन हेतु पात्र काश्तकारों की अनन्तिम सूची**

| क्र. सं. | खाता संख्या | काश्तकार का नाम, पिता का नाम व निवास स्थान | अधिग्रहित भूमि का खसरा सं. | अधिग्रहित भूमि का क्षेत्रफल (हे. में) | अर्जित भूमि के सापेक्ष काश्तकार का अंश | अर्जित भूमि के सापेक्ष काश्तकार का हिस्सा (हे. में) | कुल क्षेत्रफल | अर्जित भूमि के सापेक्ष शुद्ध देय 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड | वास्तविक रूप से दिये जाने वाला भूखण्ड का क्षेत्रफल (हे. में) | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | 39 | आजाद खां पुत्र जुम्मा नि. घरबरा | 25 | 0.6730 | 0.2692 | 0.2692 | 0.2692 | 188 | 190 | खतौनी फसली वर्ष 1409 से 1414 के अनुसार भूमि क्रेता आजाद खाँ पुत्र जुम्मा खाँ नि. घरबरा द्वारा यह भूमि विक्रेता राजेन्द्र व प्रमोद पुत्रगण गोपी नि. औरंगपुर से क्रय की गई थी जिनके पिता गोपी पुत्र मूंगा नि. औरंगपुर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर के नाम यह भूमि ग्राम की जिल्द बन्दोबस्त 45 में भी प्राधिकरण की स्थापना तिथि वर्ष 2001 से पूर्व से दर्ज है। |
| 2. | 289<br>291 | श्रीमती शिमला पत्नी महावीर सिंह नि. तुगलपुर | 712<br>714<br>716<br>718 | 1.2010<br>0.8940<br>0.3470<br>0.7590 | 1.2010<br>0.8940<br>0.3470<br>0.3795 | 1.2010<br>0.8940<br>0.3470<br>0.3795 | 2.8215 | 1975 | 1980 | संलग्न ग्राम सालारपुर की जिल्द बन्दोबस्त सी.एच. 45 वर्ष 2000 में खसरा संख्या 712, 714, 716, 718 पर श्रीमती शिमला पत्नी महावीर सिंह नि. तुगलपुर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर अंकित है। अत कृषक प्राधिकरण की स्थापना तिथि दिनांक 24.04.2001 से पूर्व जनपद के मूल काश्तकार है। |
| 3. | 139 | उदयवीर पुत्र हरिराम नि. नोएडा | 215 | 0.7590 | 0.3795 | 0.3795 | 0.3795 | 266 | 270 | बैनामा दिनांक 16.02.2009 के अनुसार खसरा संख्या 215 में विक्रेता कुन्दनलाल गौतम पुत्र श्री हेतराम गौतम नि. नयाबांस, नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर से क्रेता श्री उदयवीर पुत्र श्री हेतराम नि. ग्राम मोहियापुर तहसील दादरी व जनपद गौतमबुद्धनगर ने बैनामा द्वारा क्रय किया गया है। खतौनी फसली वर्ष 1409 से 1414 के अनुसार विक्रेता कुन्दनलाल गौतम पुत्र श्री हेतराम गौतम नि. नयाबांस, नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा यह भूमि गंगासरन पुत्र मुकन्दी नि. ग्राम मूँजखेडा से क्रय की गई थी जिन्होने यह भी बिहारी पुत्र लालाजी व हरि उप नाम हरिया व चन्द उप नाम रामचन्द पुत्रगण रामलाल नि. मूँजखेडा से बैनामा दिनांक 02.09.1993 से क्रय की गई थी जिनके नाम यह भूमि ग्राम की जिल्द बन्दोबस्त 45 में भी प्राधिकरण की स्थापना तिथि वर्ष 2001 से पूर्व से दर्ज है। |
| 4. | 41<br>341 | गुरमीत पुत्र चरणजीत सिंह नि. कुलेसरा | 442<br>397 | 0.6070<br>0.8250 | 0.6070<br>0.4125 | 0.6070<br>0.4125 | 1.0195 | 713 | 710 | बैनामा दिनांक 23.06.2008 के अनुसार खसरा संख्या 442 में विक्रेता गिरधर सिंह पुत्र श्री कमला नि. दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर से क्रेता श्री गुरूमीत पुत्र चरणजीत सिंह नि. ग्राम कुलेसरा तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर ने बैनामा द्वारा क्रय किया गया है। विक्रेता गिरधर सिंह पुत्र श्री कमला नि. दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर का नाम यह भूमि ग्राम की जिल्द बन्दोबस्त 45 में प्राधिकरण की स्थापना तिथि वर्ष 2000 से पूर्व से दर्ज है।<br>बैनामा दिनांक 15.02.2008 के अनुसार खसरा संख्या 397 में विक्रेता कदम सिंह व वीर सिंह पुत्रगण श्री हरिनिवास उर्फ दुलीचन्द नि. ग्राम दुजाना, तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर से क्रेता श्री गुरूमीत पुत्र चरणजीत सिंह नि. ग्राम कुलेसरा तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर ने बैनामा द्वारा क्रय किया गया है। खतौनी फसली वर्ष 1409 से 1414 के अनुसार विक्रेता कदम सिंह व वीर सिंह पुत्रगण श्री हरिनिवास उर्फ दुलीचन्द नि. ग्राम दुजाना, तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा यह भूमि मुकेश व प्रवेश ना.बा. आयु क्रमशः 10 व 8 वर्ष पुत्रगण हंसराज व मु. रामकली (सगी दादी) नि. ग्राम सालारपुर से क्रय की गई थी जिनके नाम यह भूमि ग्राम की जिल्द बन्दोबस्त 45 में प्राधिकरण की स्थापना तिथि वर्ष 2000 से पूर्व से दर्ज है।<br>गुरूमीत पुत्र चरनजीत सिंह नि. कुलेसरा के निवास के संबंध में ग्राम कुलेसरा की सन फसली 1395 से 1400 की खतौनी संलग्न है जिसमें गुरूमीत के पिता श्री चरनजीत सिंह गिल पुत्र सुच्चा सिंह गिल नि. कुलेसरा, जनपद गौतमबुद्धनगर दर्ज है। साक्ष्य पत्रावली पर दांयी ओर संलग्न है।<br>अतः उपरोक्त उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर क्रेता व विक्रेता दोनों जनपद के ही मूल काश्तकार है तथा प्राधिकरण की स्थापना तिथि वर्ष 2001 से पूर्व से संबंधित कृषकों का नाम जनपद के मूल काश्तकार के रूप में दर्ज है। |
| 5. | 273 | महासिंह पुत्र प्यारेलाल नि. भंगेल | 207 | 0.8300 | 0.8300 | 0.8300 | 0.8300 | 581 | 580 | ग्राम सालारपुर की खतौनी फसली वर्ष 1409 से 1414 में दर्ज आदेश श्रीमान तहसीलदार महोदय मि.न. 82/13.08.2003 के अनुसार गाटा संख्या 207 रकबा 0.8300 हे. भूमि से विक्रेता लच्छू पुत्र सहीराम नि. ग्राम सालारपुर से क्रेता महासिंह पुत्र प्यारेलाल नि. भंगेल बेगमपुर, परगना दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा क्रय की गई है। ग्राम सालारपुर के आकार पत्र 45 सन वर्ष–2000 के अनुसार विक्रेता लच्छू पुत्र सहीराम नि. ग्राम सालरपुर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर दर्ज है। अतः उपरोक्त उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर क्रेता व विक्रेता दोनों जनपद के ही मूल काश्तकार है तथा प्राधिकरण की स्थापना तिथि वर्ष 2001 से पूर्व से संबंधित कृषकों का नाम जनपद के मूल काश्तकार के रूप में दर्ज है। |

अतः उपरोक्त अनन्तिम पात्र सूची के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड के संबंध में यदि किसी काश्तकार को वारिसान, भूखण्ड के क्षेत्रफल आदि संबंधी कोई भी आपत्ति हो तथा 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड के सापेक्ष अपात्र काश्तकारों की सूची जो प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड तथा प्राधिकरण के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दी गयी है के सापेक्ष यदि किसी काश्तकार को कोई भी आपत्ति हो तो वह लिखित रूप में **15 दिन के अंदर** सी.आर. सेल के माध्यम से विशेष कार्याधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औ. वि. प्राधिकरण के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

पत्रांक - वाई.ई.ए./भूलेख/249/2024 दिनांकः 01.03.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में ग्राम सालारपुर, तहसील सदर, जनपद–गौतमबुद्धनगर में यमुना एक्सप्रेसवे औ. वि. प्राधिकरण द्वारा अर्जित की गई 21.1724 हे. भूमि के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी भूमि आंवटित किये जाने हेतु अनुपूरक सूची तैयार कर अनुमोदित की जा चुकी है जो निम्नवत् है–

**ग्राम सालारपुर में 21.1724 हे. अर्जित भूमि के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी आबंटन हेतु पात्र काश्तकारों की अनन्तिम सूची**

| क्र. सं. | खाता संख्या | काश्तकार का नाम व पता | | अर्जित खसरा संख्या | कुल क्षेत्रफल (हे. में) | काश्तकार का हिस्सा (हे. में) | अर्जित भूमि के सापेक्ष देय 07 प्रतिशत क्षेत्रफल वर्गमीटर में | शुद्ध कुल देय 07 प्रतिशत क्षेत्रफल वर्गमीटर में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 344/2 | सूरजपाल पुत्र रामफल | नि. ग्राम | 138 | 0.2600 | 0.2600 | 182 | 180 |
| 2. | 344/5 | लोकेश, अंकित ना.बा. आयु 17 व 12 वर्ष पुत्रगण दयाराम, संरक्षिका किरनवती व किरनवती पत्नी दयाराम | नि. ग्राम | 431म | 0.2507 | 0.2507 | 175 | 180 |
| 3. | 344/6 | राजेन्द्र पुत्र बिहारी | नि. ग्राम | 431म | 0.1326 | 0.1326 | 93 | 90 |
| 4. | 344/7 | कुंवरसैन पुत्र किशनलाल | नि. ग्राम | 431म | 0.1327 | 0.1327 | 93 | 90 |
| 5. | 344/8 | मुन्नी बेवा बलवीर सिंह | नि. ग्राम | 450म | 0.1520 | 0.1520 | 106 | 110 |
| 6. | 344/9 | महावीर पुत्र रामप्रसाद | नि. ग्राम | 450म | 0.1520 | 0.1520 | 106 | 110 |
| 7. | 344/12 | गुड्डी पत्नी राजकुमार | नि. ग्राम | 149 | 0.2660 | 0.2660 | 186 | 190 |
| 8. | 344/13 | सोनकला पत्नी कृष्णा | नि. ग्राम | 149 | 0.2540 | 0.2540 | 178 | 180 |
| 9. | 347/10 | सुरेश पुत्र जगदीश | नि. ग्राम | 1 | 0.1000 | 0.1000 | 70 | 70 |
| 10. | 347/12 | रामवीर पुत्र नत्थी | नि. ग्राम | 664 | 0.2720 | 0.2720 | 190 | 190 |
| 11. | 347/10 | जयप्रकाश पुत्र नत्थी | नि. ग्राम | 664 | 0.2780 | 0.2780 | 195 | 200 |
| 12. | 347/14 | हुकम पुत्र नन्हें | नि. ग्राम | 694 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 13. | 347/28 | रघुवीर पुत्र पन्ना | नि. ग्राम | 695 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 14. | 347/30 | नन्हें पुत्र चन्दन | नि. ग्राम | 695 | 0.0850 | 0.0850 | 60 | 60 |
| 15. | 347/32 | महावीर पुत्र छत्तर | नि. ग्राम | 695 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 16. | 347/75 | इदरीश पुत्र अल्लाहरक्खे | नि. ग्राम | 695 | 0.1580 | 0.1580 | 111 | 110 |
| 17. | 347/76 | अल्लाहरक्खे पुत्र बदलू | नि. ग्राम | 695 | 0.1580 | 0.1580 | 111 | 110 |
| 18. | 347/77 | उम्मेद पुत्र कमरूद्दीन | नि. ग्राम | 695 | 0.1580 | 0.1580 | 111 | 110 |
| 19. | 347/87 | जगवती पत्नी जिले सिंह | नि. ग्राम | 695 | 0.1510 | 0.1510 | 106 | 110 |
| 20. | 347/88 | राजवती पत्नी फिरेराम | नि. ग्राम | 695 | 0.1510 | 0.1510 | 106 | 110 |
| 21. | 347/48 | श्रीपाल पुत्र दयाराम | नि. ग्राम | 701 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 22. | 347/8 | दीपू पुत्र हरिकिशन | नि. ग्राम | 709 | 0.3160 | 0.3160 | 221 | 220 |
| 23. | 347/16 | प्रदीप कुमार पुत्र मंसीचरन | नि. ग्राम | 709 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 24. | 347/17 | इन्द्रजीत पुत्र सोहनलाल | नि. ग्राम | 709 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 25. | 347/18 | राजेन्द्र सिंह पुत्र भगवान सहाय | नि. ग्राम | 709 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 26. | 347/21 | भजनलाल पुत्र अन्ता | नि. ग्राम | 709 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 27. | 347/22 | बलवीर पुत्र अन्ता | नि. ग्राम | 709 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 28. | 347/23 | रमेश पुत्र मोती | नि. ग्राम | 709 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 29. | 347/27 | संजय पुत्र चन्दन | नि. ग्राम | 709 | 0.1520 | 0.1520 | 106 | 110 |
| 30. | 347/29 | बन्टी व ललित पुत्रगण सूरजभान व श्रीमती मूर्ति पत्नी सूरजभान | नि. ग्राम | 709 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 31. | 347/34 | सुभाष पुत्र जियालाल | नि. ग्राम | 709 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 32. | 347/35 | निन्दा पुत्र जियालाल | नि. ग्राम | 709 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 33. | 347/36 | यशपाल पुत्र जियालाल | नि. ग्राम | 709 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 34. | 347/37 | रविन्द्र पुत्र जियालाल | नि. ग्राम | 709 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 35. | 347/50 | रत्तन पुत्र फत्तन | नि. ग्राम | 709 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 36. | 347/55 | धीरज सिंह पुत्र नत्थू सिंह | नि. ग्राम | 709 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 37. | 347/59 | सरोज बेवा सुरेश | नि. ग्राम | 709 | 0.1520 | 0.1520 | 106 | 110 |
| 38. | 347/64 | अशोक पुत्र गोपी | नि. ग्राम | 709 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 39. | 347/66 | मु. रामकली बेवा सत्यपाल | नि. ग्राम | 709 | 0.1580 | 0.1580 | 111 | 110 |
| 40. | 347/67 | मु. लक्खमीरी बेवा रामरिख | नि. ग्राम | 709 | 0.1580 | 0.1580 | 111 | 110 |
| 41. | 347/70 | मु. चन्द्रो बेवा श्यामलाल | नि. ग्राम | 709 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 42. | 347/82 | चन्द्रकला पत्नी निक्के | नि. ग्राम | 709 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 43. | 347/1 | राजपाल पुत्र फूल सिंह | नि. ग्राम | 749 | 0.3420 | 0.3420 | 239 | 240 |
| 44. | 347/2 | चन्द्रपाल पुत्र मोहन | नि. ग्राम | 749 | 0.3420 | 0.3420 | 239 | 240 |
| 45. | 347/3 | सन्तराम पुत्र फूल सिह | नि. ग्राम | 749 | 0.3420 | 0.3420 | 239 | 240 |
| 46. | 347/4 | अतरपाल पुत्र मोहन | नि. ग्राम | 749 | 0.3420 | 0.3420 | 239 | 240 |
| 47. | 347/5 | नत्थी पुत्र नत्थू | नि. ग्राम | 749 | 0.3420 | 0.3420 | 239 | 240 |
| 48. | 347/7 | प्रेमपाल पुत्र रतीराम | नि. ग्राम | 749 | 0.2590 | 0.2590 | 181 | 180 |
| 49. | 347/10 | जयराम पुत्र नत्थी | नि. ग्राम | 749 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 50. | 347/11 | मोहर सिंह पुत्र नत्थी | नि. ग्राम | 749 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 51. | 347/15 | सुलेन्द्र पुत्र किशनलाल | नि. ग्राम | 749 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 52. | 347/19 | सुरेश पुत्र भगवान सहाय | नि. ग्राम | 749 | 0.2400 | 0.2400 | 168 | 170 |
| 53. | 347/20 | दुलीचन्द पुत्र अन्ता | नि. ग्राम | 749 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 54. | 347/24 | सुरेजन पुत्र चन्दन | नि. ग्राम | 749 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 55. | 347/25 | वेदप्रकाश पुत्र चन्दन | नि. ग्राम | 749 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 56. | 347/26 | भीम पुत्र चन्दन | नि. ग्राम | 749 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 57. | 347/45 | रोहित, सागर पुत्रगण इन्द्रजीत ना.बा. आयु क्रमशः 10 व 08 वर्ष, संरक्षिका मीना माता सगी, श्री मीना पत्नी इन्द्रजीत | नि. ग्राम | 749 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 58. | 347/46 | मु. किरन बेवा बेदी | नि. ग्राम | 749 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 59. | 347/60 | देवेन्द्र पुत्र जोरा | नि. ग्राम | 749 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 60. | 347/65 | मु. वीरवती पत्नी ज्ञानेन्द्र | नि. ग्राम | 749 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 61. | 347/71 | गुलमौहम्मद पुत्र शहीद | नि. ग्राम | 749 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 62. | 347/72 | शेर मौहम्मद पुत्र शहीद | नि. ग्राम | 749 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 63. | 347/73 | सलीम पुत्र शहीद | नि. ग्राम | 749 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 64. | 347/78 | रहीस पुत्र उम्मेद | नि. ग्राम | 749 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 65. | 347/74 | जमील पुत्र शहीद | नि. ग्राम | 749 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 66. | 347/33 | रणवीर पुत्र छत्तर | नि. ग्राम | 761 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 67. | 347/38 | ओमी पुत्र पूरन | नि. ग्राम | 761 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 68. | 347/39 | निरन्जन पुत्र पूरन | नि. ग्राम | 761 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 69. | 347/40 | शेरा पुत्र पूरन | नि. ग्राम | 761 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 70. | 347/41 | जयभगवान पुत्र खचेडा | नि. ग्राम | 761 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 71. | 347/68 | पीतो पत्नी मनवीर | नि. ग्राम | 761 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 72. | 347/69 | भगवती बेवा लिक्खी | नि. ग्राम | 761 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 73. | 347/42 | सुनील पुत्र राजपाल | नि. ग्राम | 766 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 74. | 347/43 | चन्द्रपाल पुत्र खिम्मन | नि. ग्राम | 766 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 75. | 347/61 | अमरपाल पुत्र रामरिख | नि. ग्राम | 766 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 76. | 347/62 | ओमेन्द्र पुत्र लिक्खी | नि. ग्राम | 766 | 0.2150 | 0.2150 | 151 | 150 |
| 77. | 347/63 | वीरपाल पुत्र काले सिंह | नि. ग्राम | 766 | 0.1520 | 0.1520 | 106 | 110 |
| 78. | 347/19 | जीता पुत्र गुलाब | नि. ग्राम | 766 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 79. | 347/80 | संजय पुत्र गुलाब | नि. ग्राम | 766 | 0.1900 | 0.1900 | 133 | 130 |
| 80. | 347/81 | श्यामी पुत्र मुलखानाथ | नि. ग्राम | 766 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 81. | 347/83 | मूर्ति पुत्र पन्ना | नि. ग्राम | 766 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 82. | 367/20 | रामरती बेवा शाहमल | नि. ग्राम | 456 | 0.1360 | 0.1360 | 95 | 100 |
| 83. | 367/13 | राजेन्द्र पुत्र किशनलाल | नि. ग्राम | 555 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 84. | 367/23 | विशम्बर पुत्र किशनलाल | नि. ग्राम | 555 | 0.1450 | 0.1450 | 102 | 100 |
| 85. | 367/29 | खचेडा पुत्र किशनलाल | नि. ग्राम | 555 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 86. | 367/31 | सोनवती पत्नी सुरेश | नि. ग्राम | 555 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 87. | 367/22 | रूपवती बेवा सुखवीर | नि. ग्राम | 557 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 88. | 367/30 | अन्जू पत्नी सुदेश | नि. ग्राम | 557 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 89. | 367/5 | चमेली बेवा हरस्वरूप | नि. ग्राम | 682 | 0.2504 | 0.2504 | 175 | 180 |
| 90. | 367/8 | हरीराम पुत्र नत्थी | नि. ग्राम | 682 | 0.2020 | 0.2020 | 141 | 140 |
| 91. | 367/10 | हरप्रसाद पुत्र सामन्ता | नि. ग्राम | 682 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 92. | 367/32 | हरीशचन्द पुत्र जगदीश | नि. ग्राम | 682 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 93. | 367/33 | विनोद पुत्र जगदीश | नि. ग्राम | 682 | 0.2530 | 0.2530 | 177 | 180 |
| 94. | 367/9 | जयवीर पुत्र नत्थी | नि. ग्राम | 732 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 95. | 367/1 | विनोद पुत्र होराम नि. ग्राम | नि. ग्राम | 775 | 0.1270 | 0.1270 | 89 | 90 |
| 96. | 367/4 | रामचन्द पुत्र समय सिंह | नि. ग्राम | 775 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 97. | 367/6 | रामवीर पुत्र रामफल | नि. ग्राम | 775 | 0.1520 | 0.1520 | 106 | 110 |
| 98. | 367/ | मामचन्द पुत्र लच्छु | नि. ग्राम | 775 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 99. | 367/11 | श्यामेन्द्र पुत्र तेज सिंह | नि. ग्राम | 775 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 100. | 367/12 | दाताराम पुत्र नत्थी | नि. ग्राम | 775 | 0.1770 | 0.1770 | 124 | 120 |
| 101. | 367/15 | सुनील पुत्र राजाराम | नि. ग्राम | 775 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 102. | 367/16 | राजकुमार पुत्र राजाराम | नि. ग्राम | 775 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 103. | 367/17 | अनिल पुत्र राजपाल | नि. ग्राम | 775 | 0.0630 | 0.0630 | 44 | 40 |
| 104. | 367/24 | सुखपाल पुत्र गुलाब | नि. ग्राम | 775 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 105. | 367/25 | मुकेश पुत्र गुलाब | नि. ग्राम | 775 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 106. | 367/26 | गूमी पुत्र मिलखनाथ | नि. ग्राम | 775 | 0.1260 | 0.1260 | 88 | 90 |
| 107. | 367/28 | मु. बलियन बेवा शहीद | नि. ग्राम | 775 | 0.2780 | 0.2780 | 195 | 200 |

अतः उपरोक्त सूची के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड के संबंध में यदि किसी काश्तकार को वारिसान आदि संबंधी कोई भी आपत्ति हो तो वह लिखित रूप में **15 दिन के अंदर** सी.आर.सैल. के माध्यम से विशेष कार्याधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औ. वि. प्राधिकरण के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**डिप्टी कलेक्टर**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ. वि. प्राधिकरण**

# गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में शुरू हुए दाखिले




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )** ग्रेटर नोएडा में रहने वाले उन अभिभावकों के लिए अच्छी खबर है, जो किन्हीं कारणों से अब तक अपने बच्चे का स्कूल में दाखिला नहीं ले सके हैं। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 स्थित गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में बाल वाटिका से कक्षा 11 तक के लिए दाखिला प्रक्रिया षुरू हो गई है।

गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव कुमार ने बताया कि बाल वाटिका से कक्षा 11 तक दाखिला चाहने वाले छात्र अपने डॉक्यूमेंट लेकर अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय आ सकते हैं।

सभी कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया इसी माह पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इस स्कूल को नोएडा-ग्रेटर नोएडा शिक्षा समिति संचालित करती है। इसके अलावा तीन विद्यालय, सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज, महामाया बालिका इंटर कॉलेज और पंचशील इंटर कॉलेज को भी यही शिक्षा समिति संचालित कर रही है। ये चारों ही स्कूल अंग्रेजी मीडियम के हैं।

# चार लाख से अधिक वोटो से जीतेंगे डॉ. महेश शर्मा: प्रधान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा को चौथी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। डॉ महेश शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा नेता अजय प्रधान ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा जन जन के नेता हैं और उन्होने अपने कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र का जो विकास का काम करवाया है। वह धरातल पर है। उन्होंने कहा कि हर समाज का डॉ महेश शर्मा को भरपूर जन समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में डॉक्टर महेश शर्मा चार लाख से अधिक मतों से विजय हासिल करें। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता डॉ महेश शर्मा को चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए





हैं। उन्होंने ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा लोकप्रिय भाजपा नेता के साथ-साथ लोगों की समस्याओं का निदान करने वाले भी नेता हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा कभी भी विकास को अनदेखा नहीं किया और यही कारण है कि आज गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में पढ़ने वाली पांचो विधानसभा क्षेत्र में चंहुमुखी विकास हुआ है।

उन्होंने कहा कि विकास पर यदि एक नजर डाली जाए तो यह स्पष्ट होता है कि डॉक्टर महेश शर्मा अपने निधि से जो विकास का काम करवाया है वह स्वागत के योग्य है। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार डॉक्टर महेश शर्मा पर भरोसा जताकर यह साबित कर दिया है कि विकास करने वाले नेता को ही मौका मिलना चाहिए।

# शाहदरा में जारी है भाकियू (बलराज) का धरना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले गांव शाहदरा सेक्टर-142 में अनिश्चितकालीन धरना 20वें दिन भी जारी रहा। रात दिन का धरना चल रहा है। इस असवसर पर हातम भाटी, रामवीर भाटी, उधम भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों का उत्पीड़न बंद करें अधिकारी : पहलवान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन पथिक के प्रदेश अध्यक्ष अजय पहलवान ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न करना नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बंद करें। उन्होंने कहा कि पूरे जिले के किसान समस्याओं से परेशान है। लेकिन उनकी



समस्याओं का समाधान अधिकारी करने में पूरी तरह से असफल है। अजय पहलवान ने कहा कि यदि किसानों को परेशान किया गया तो भारतीय किसान यूनियन पथिक के कार्यकर्ता किसने की समस्याओं को लेकर आंदोलन करने के लिए बर्थडे होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन समस्याओं के लेकर पूरी तरह से गंभीर है।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कुंवर नादिर शाह का परीचौक पर हुआ भव्य स्वागत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कुंवर नादिर शाह का कल लखनऊ से गौतमबुद्ध नगर जनपद आगमन पर परी चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर दर्जनों गाड़ियों के काफिले से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कुंवर नादिर शाह परी चौक से हल्दौनी तक अपने आवास पर पहुंचे जहां भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उनके साथ मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। नादिर शाह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने जो सम्मान दिया है। उसे मैं जीवन भर कभी भूलूंगा। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 50



से अधिक सिम जीतने जा रही है। इस अवसर पर भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर संजय यादव, अनुज भाटी, यूनुस प्रधान, अब्दुल विधायक, नीतीश भाटी, दुष्यंत भाटी, आमिर चौधरी, पोली नेता, सलमान चौधरी, रिहान चौधरी, सलीम राव, कुलदीप शर्मा, राहुल शर्मा, पप्पन चौधरी, मुफीद चौधरी, अफसर भाई, राहुल यादव, जुबेर चौधरी, योगेश पंडित महताब चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री को मातृ शोक

**ग्रेटर नोएडा/बलिया ( चेतना मंच )।**

प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता उपेंद्र तिवारी की माता रमनी देवी उम्र 88 वर्ष का कल बलिया स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। रमणी देवी के निधन की खबर पाकर भारतीय जनता पार्टी के



कार्यकर्ताओं एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई रमनी देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। आज उनका अंतिम संस्कार बलिया के गंगा घाट पर किया जाएगा। रमनी देवी के निधन पर भाजपा नेता रवि पंडित ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# भजन संध्या में सिखाई जीवन जीने की कला



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )** शहर के एडब्लूएचओ सोसाइटी में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा भजन संध्या 'भक्ति की लहर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरु पूजा, भावपूर्ण भजन और गहन ध्यान अभ्यास कराया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के क्षेत्रीय संयोजक व उद्यमी राजेश माथुर ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन के साथ की गयी। विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर के अनुयायियों ने गुरु वंदन किया।

इसके पश्चात भजन संध्या में जीने की कला सिखाई गई।

आर्ट ऑफ लिविंग के युवा भजन गायक गगन राठौड़ द्वारा सुनाए गए एक से बढ़कर एक भजन 'गुरु नारायण', ध्सच्चिदानंद गुरु', 'गणपति बाप्पा मोरया' सुन श्रोता भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. साधना जयसवाल द्वारा लोगों को गहन ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर दीपांकर राज, राजेश माथुर, वीणा रॉय, ग्रुप कैप्टन मुकुल, विंग कमांडर हेम प्रकाश, निति श्रीवास्तव, अमरेंद्र, सौरभ वर्मा, अंकित ढींगरा, ए.के. चतुर्वेदी, ज्योत्सना आदि मौजूद रहे।



**भाजपा से गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से चौथी बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद गुलदस्ता भेंट कर बधाई देते भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष के नोएडा कैम्प प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति।**

# रंग-बिरंगे फूलों से गुलजार होगा ग्रेटर नोएडा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )** ग्रेटर नोएडा शहर आने वाले दिनों में फूलों की मनमोहक खुशबुओं से महकने वाला है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और फ्लोरीकल्चर



सोसाइटी की संयुक्त पहल पर यहां पुष्पोत्सव 2024 होने जा रहा है। यह पुष्पोत्सव ग्रेटर नोएडा के निवासियों को प्रकृति से जोड़ेगा। इस कार्यक्रम में आपको कई तरह के फूलों के महत्व के बारे में बताया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में शुरू होने वाले इस पुष्पोत्सव की शुरूआत 8 मार्च से होगी, जो 10 मार्च 2024 को खत्म होगा। इस पुष्पोत्सव का आयोजन ग्रेटर नोएडा के सम्राट मिहिर भोज पार्क (सिटी पार्क) में किया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इस पुष्पोत्सव के पहले दिन शुक्रवार 8 मार्च, 2024 को होगा। सुबह 11 बजे प्रतिभागियों द्वारा गमलों एवं स्पॉट गार्डन सजावट होगी। इसके बाद शाम 4 से 4.30 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा पुष्पोत्सव 2024 का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं पांच से साढ़े बजे तक प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा स्टेज शो होगा। इसके बाद 5 बजे से साढ़े पांच सात बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों के बाद ये पार्क आम जनता के लिए खुल जाएगा।

इस पुष्पोत्सव में दूसरे दिन यानी शानिवार 9 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों के लिए आम जनता के लिए खुला रहेगा। पुष्पोत्सव 2024 में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आम जनता और स्कूली बच्चों के द्वारा अलग-अलग श्रेणियों में प्रतियोगिता की जाएगी। फिर दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक बच्चों और जनता के लिए बगवानी और पार्यवरण विषयों पर कार्यशाला की जाएगी। वहीं शाम 4 बजे से 6 बजे तक बच्चों और कलाकारों द्वारा सांसकृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

पुष्पोत्सव में तीसरे दिन यानी रविवार 10 मार्च को ड्राईंग, फोटो, मेंहदी व रंगोली प्रतियोगता के अलावा क्विज शो, बागवानी और पार्यवरण विषयों पर कार्यशाला होगी साथ ही पुष्पोत्सव 2024 में हुई प्रतियोगता में विजयी लोगों को पुरस्कार देने के साथ इसका समापन होगा।

# स्कूली छात्रों को पढ़ाया यातायात का पाठ, हेल्मेट बांटे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आई.जे.पब्लिक स्कूल सेक्टर 110 में स्कूल के प्रबंधन ने बच्चों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी एवं हेल्मेट बांटे।

स्कूल के निदेशक जितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके जीवन सुरक्षित किया जा सकता है। तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों को प्रत्येक स्कूल को करना चाहिए।





# हबीबपुर गांव में लग रहा अवैध मोबाइल टावर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्थानी पुलिस एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मिली भगत से हबीबपुर गांव में अवैध रूप से मोबाइल टावर लगाया जा रहा है। इस बात की शिकायत कई बार ग्रामीणों की गयी। बता दे की हबीबपुर गांव में कुछ लोग अवैध रूप से मोबाइल टावर लगा रहे हैं। इसकी शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई लोगों का आरोप है कि इस मामले में स्थानी थाने के पुलिस एवं प्राधिकरण के अधिकारी मिले हुए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच जिलाधिकारी से कराने की है।


## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


# नेक्सजन एनर्जिया गुजरात में करेगी 3000 करोड़ का निवेश

## कंपनी के एमडी पीयूष द्विवेदी ने गुजरात के सीएम के साथ चर्चा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा स्थित नेक्सजेन एनर्जिया कंपनी गुजरात में निवेश करने जा रही है। इस कड़ी में बुधवार को नेक्सजेन एनर्जिया के एमडी पीयूष द्वीवेदी ने गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल से एक सम्मेलन के दौरान मुलाकात की और विस्तार से चर्चा की। नेक्सजेन एनर्जिया यहां 3000 करोड़ से ज्यादा का निवेश करेगी। यहां सीएनजी कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट लगाएगी। इसके अलावा ईवी यूनिट और कई अन्य यूनिट भी लगाएगी। कंपनी ने इसका प्रस्ताव दिया है।

जल्द ही कंपनी के साथ गुजरात सरकार के प्रशासनिक अमला एमओयू साइन करेगा। इससे पहले कंपनी पंजाब, हरियाणा यूपी



में सीबीजी प्लांट लगाए है। यहीं नहीं हाल ही में उप्र में इंवेस्टर्स समिट के दौरान नेक्सजेन एनर्जिया ने 13 हजार 900 करोड़ के निवेश करने को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। दरअसल सीबीजी प्लांट के जरिए पराली और कचरे से सीएनजी गैस बनाने के प्रोसेस में जैविक खाद भी मिलेगी। इसके लिए किसानों से पराली ली जाएगी और उन्हें जैविक खाद उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी के एमडी डा पीयूष द्विवेदी का कहना है कि इस प्रोजेक्ट के साथ अन्य प्रोजेक्ट मिलाकर 3000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने बताया कि यहां सीबीजी प्लांट शुरू होने के साथ ही सीएनजी कंप्रेस्ड बायोगैस सीधे सीएनजी पंपों को आपूर्ति शुरू करेंगे। प्रोजेक्ट के तहत किसानों से पराली खरीदी जाएगी। जिससे एक बड़ी समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही कंपनी किसानों को किफायती दरों पर जैविक खाद भी उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी पांच सालों में देश में 10 हजार से अधिक सीएनजी पंप लगाएंगे। इन सभी पंपों को सभी 1 हजार प्रोडक्शन यूनिट से सीएनजी गैस की सप्लाई करेंगे।




# ...यूं गुजरा मुक्तांचल के एक दशक का सफरनामा!

## नये अंक के लोकार्पण व संगोष्ठी में हुई साहित्य पर चर्चा






**कोलकाता /हावड़ा।** पिछले तकरीबन एक दशक से साहित्य की सकारात्मक दिशा देने वाले पत्रिका मुक्तांचल के दस वर्ष पूरे होने पर एक साहित्यिक संगोष्ठी कस आयोजन किया गया। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले से प्रकाशित होने वाली हिंदी की साहित्यिक पत्रिका मुक्तांचल ने अपने प्रकाशन के 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। मुक्तांचल ने 3 मार्च को अपने संयुक्तांक (जुलाई-दिसंबर 2023, अंक 39-40) के लोकार्पण के साथ मुक्तांचल के 10 वर्ष की पूर्ति के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में पश्चिम बंगाल के कई वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम के आरंभ में मुक्तांचल पत्रिका की संपादक डॉ. मीरा सिन्हा ने मुक्तांचल के पिछले एक दशक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुक्तांचल पिछले एक दशक से साहित्यिक अभिव्यक्ति और बौद्धिक चर्चा को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

डॉ. प्रकाश अग्रवाल (खड़गपुर कॉलेज, पश्चिम बंगाल) ने सोशल मीडिया के युग में साहित्य के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज डिजिटल आकर्षणों के बीच साहित्य के मूल्य को बचाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों पर साहित्यिक कृतियों के तुष्टिकरण पर खेद व्यक्त किया और छात्रों से साहित्यिक लेखन के मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। डॉ. विजया सिंह (रानी बिरला गर्ल्स कॉलेज, कोलकाता) ने शिक्षा में नवाचार और अनुकूलन के महत्व पर बल दिया। सीखने के अनुभवों को बढ़ाने के लिए आधुनिक उपकरणों और माध्यमों के एकीकरण की वकालत की। उन्होंने शिक्षकों से पारंपरिक सीमाओं को पार करने और फेसबुक और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे माध्यमों के माध्यम से शिक्षा के नए दृष्टिकोणों को अपनाने का आग्रह किया।

डॉ. विनय मिश्र (बंगवासी कॉलेज, कोलकाता) ने पत्रिका के पहुंच को विस्तार देने के लिए सोशल मीडिया और शैक्षणिक नेटवर्क के महत्व को उजागर किया। डॉ. स्नेहा सिंह (वूमेंस कॉलेज, कोलकाता) ने शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता के आग्रह और पुरानी परिपाटी के परित्याग पर बल दिया। रितेश पांडेय (रंगकर्मी, नीलांबर) ने आज के विद्यार्थियों के तकनीकी क्षमताओं की सराहना की और साहित्यिक अभिव्यक्ति में नवाचार को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। डॉ. पंकज साहा (खड़गपुर कॉलेज, पश्चिम बंगाल) ने साहित्य और शोध को बढ़ावा देने के लिए मुक्तांचल पत्रिका के प्रयासों की सराहना की। डॉ. सत्या उपाध्याय (प्रधानाचार्या, कलकत्ता गर्ल्स कॉलेज, कोलकाता) ने मुक्तांचल पत्रिका को 10 वर्ष पूरे करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए राज्य के विभिन्न कॉलेजों के पुस्तकालयों में पत्रिका रखवाने और कविता कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव रखा।

आज की संगोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. ॠषिकेश राय (सचिव टी बोर्ड, कोलकाता) ने रोजगारोन्मुखी साहित्य के प्रकाशन पर बल दिया और भारतीय भाषाओं के अनुवाद साहित्य पर चर्चा की।

इसके अतिरिक्त शुभ्रा उपाध्याय (खुदीराम बोस सेंट्रल कॉलेज, कोलकाता), प्रिया श्रीवास्तव, सरिता खोवाला, आकाश गुप्ता, प्रिंस मिश्रा आदि ने भी अपने विचार रखें। अक्षिता साव ने अपनी स्वरचित कविता का पाठ किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बलराम साव, पद्माकर व्यास, नगीना लाल दास, युवराज सिंह आदि लोगों का विषेश योगदान रहा। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन विनोद यादव ने किया। अंत ने धन्यवाद ज्ञापन विवेक लाल ने दिया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दुहाई से मोदीनगर...**

मुरादनगर नमो भारत स्टेशन पर कॉरिडोर के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, गाजियाबाद के सांसद वी.के. सिंह व अन्य मौजूद थे।

आपको बता दें कि इससे पहले साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर 20 अक्तूबर 2023 से नमो भारत ट्रेन का संचालन शुरू हो चुका है। इसका उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

अब 17 किलोमीटर लंबे इस खंड पर भी संचालन शुरू हो जाने के बाद 34 किलोमीटर का सेक्शन ऑपरेशनल हो जाएगा। 34 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर अब आठ स्टेशन होंगे। इनमें साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ और मोदीनगर नार्थ शामिल हैं। हालांकि, अब नमो भारत ट्रेन दुहाई स्टेशन से दुहाई डिपो में जाने की बजाय सीधे मुरादनगर स्टेशन पर और यहां से मोदीनगर नार्थ स्टेशन तक जाएगी। एनसीआरटीसी के अधिकारियों का कहना है कि आम यात्री इस ट्रेन में एक-दो दिन बाद से सफर कर पाएंगे। इसके लिए तैयारी की जा रही हैं।

**180 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पर दौड़ेगी नमो ट्रेन**

आरआरटीएस, एक अत्याधुनिक रेल-आधारित यातायात प्रणाली है, जिसके तहत चलने वाली नमो भारत ट्रेनों की डिजाइन गति 180 किमी प्रति घंटा और परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटा है। आरआरटीएस कॉरिडोर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दूरियों को घटाने, समुदायों और गंतव्यों को करीब लाने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। 82 किमी लंबा दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर, दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा के समय को घटाकर एक घंटे से भी कम कर देगा। गाजियाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर जैसे शहरी केंद्रों से गुजरते हुए, यह परियोजना रीजनल परिवहन में क्रांति लाने वाली है।

**पानी के नीचे...**

से काफी देर तक बात की। प्रधानमंत्री को देखने के लिए बड़ी तादात में लोग स्टेशन पर मौजूद थे। एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर समारोह स्थल से प्रधानमंत्री ने देश के सबसे पुराने मेट्रो नेटवर्क कोलकाता मेट्रो के न्यू गरिया-एयरपोर्ट लाइन के कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड और जोका-एस्प्लेनेड लाइन के तारातला-माजेरहाट खंड का भी उद्घाटन किया। माजेरहाट मेट्रो स्टेशन रेलवे लाइन, प्लेटफार्म और एक नहर के ऊपर बना अलग तरह का स्टेशन है।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के दुहाई-मोदीनगर (उत्तर) खंड, पुणे मेट्रो के रूबी हॉल क्लिनिक-रामवाड़ी खंड, कोच्चि मेट्रो के एसएन जंक्शन से त्रिपुनिथुरा खंड और आगरा मेट्रो के ताज ईस्ट गेट-मनकामेश्वर खंड का भी उद्घाटन किया। उन्होंने पिंपरी चिंचवड़ और निगड़ी के बीच पुणे मेट्रो के विस्तार की आधारशिला भी रखी।

**यूपी के सबसे...**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतिथियों के साथ मेट्रो का सफर किया। सात मार्च की सुबह छह से रात 10 बजे तक जनता के लिए मेट्रो का संचालन शुरू होगा। पहले चरण में मेट्रो छह किमी के बीच चलेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होली पर आगरावासियों को एक बड़ा तोहफा है। आगरा की एक बहुप्रतीक्षित आकांक्षा पूर्ण हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद आगरा में 'आगरा मेट्रो रेल परियोजना' के प्राथमिक सेक्शन पर यात्री सेवा का शुभारंभ किया।

यह मेट्रो सेवा 'विकसित उत्तर प्रदेश' के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और आगरा वासियों को बेहतरीन परिवहन सुविधा प्रदान करने के हमारे संकल्प का प्रतिफल है। आगरा में मेट्रो सेवा के प्रारंभ होने के साथ उत्तर प्रदेश, देश का पहला राज्य है, जिसके पास सबसे अधिक शहरों में मेट्रो की सुविधा है। लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर में मेट्रो सेवा उत्तर प्रदेश में पहले से प्रारंभ हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे प्रसन्नता है कि प्रदेश के 6वें शहर आगरा में ब्रजवासियों व आगरावासियों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हुई है।

**पुलिस भर्ती पेपर...**

इस परिचय पत्र पर विंग कमांडर के हस्ताक्षर तथा विभाग की ओर लगी हुई मोहर थी। प्रमोद कुमार पाठक को एसटीएफ की टीम नोएडा लेकर चली आई जहां उसने पूछताछ में बताया कि वह अवकाश पर रहकर अन्य परीक्षा की तैयारी कर रहा है तथा उसका पेपर लीक करने वाले गिरोह से कोई संपर्क नहीं है। प्रमोद पाठक के मोबाइल फोन कि जब गहनता से जांच की गई तो पता चला कि उसमें से व्हाट्सएप मैसेज डिलीट कर दिया गया था। इस दौरान एसटीएफ टीम ने एक व्यक्ति के साथ हुई चैट को रिकवर किया। इस चैट में बीएसएफ हेड कांस्टेबल, मिनिस्ट्रियल के पेपर में पास करने के लिए भूरा नामक व्यक्ति से प्रमोद कुमार पाठक की बात हुई थी। जांच से पता चला कि प्रमोद कुमार पाठक वायुसेवा से बर्खास्त हो चुका है और वह अभी भी लोगों को वायु सेवा में कार्यरत बताकर पेपर लीक करने की एवज में छात्रों से तीन से 15 लाख रुपए तक लेता है।

पूछताछ में प्रमोद कुमार पाठक ने बताया कि वह अपने चचेरे साले मोहन उर्फ मोना पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम आश्रम थाना खैर अलीगढ़, मोनू पंडित, गौरव, आशीष पालीवाल, अतुल पालीवाल के साथ मिलकर पेपर लीक कराने तक तथा वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर बैठाने का काम करता है। गौरव, आशीष, अतुल व मोनू पंडित की बनारस झांसी अलीगढ़ बरेली में लैब भी है। वह वर्ष 2022 में वायु सेवा से बर्खास्त हो गया था बर्खास्त होने के बाद उसने वायु सेवा के आईडी कार्ड को कलर स्कैन कर लिया था। प्रमोद कुमार पाठक ने बताया कि उसके तथा मोनू के पास यूपी पुलिस का पेपर बनारस के अखिलेश यादव व लखनऊ के राहुल ने भेजा था।

यह जानकारी मिलने पर पुलिस टीम प्रमोद कुमार पाठक को थाना सेक्टर-39 लेकर आई। इसके बाद प्रमोद पाठक के सेक्टर-37 अरुण विहार स्थित मकान की तलाशी ली गई। यहां से पुलिस को तलाशी में हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन परीक्षा से संबंधित 14 एडमिट कार्ड, 20 चेक व अन्य दस्तावेज मिले। एसटीएफ की टीम को जानकारी मिली कि प्रमोद पाठक एयरफोर्स की परीक्षा के ग्रुप डिस्कशन में पास करने के नाम पर डेढ़ से 3 लाख रूपये लेता है। जिन अभ्यर्थियों से पेपर कराए जाना तय हो जाता था उसे जमानत के तौर पर चेक और एडमिट कार्ड लेकर रख लिए जाते थे ताकि बाद में पैसों के लेनदेन में समस्या ना हो। एसटीएफ टीम को जानकारी मिली कि पेपर लीक के दौरान कोड वर्ड का इस्तेमाल किया जाता था। बीटी का मतलब ब्लूटूथ से पेपर कराया जाना होता था। इसके अलावा गिरोह के सदस्य एक दूसरे के लिए कोड नाम प्रयोग करते थे। आरजी का मतलब राहुल गौतम, एमपी का मतलब मोनू पंडित, तथा डॉ संजीव को डीआर के नाम से संबोधित किया जाता था।

एसटीएफ की पूछताछ में प्रमोद कुमार पाठक ने बताया कि वह वर्ष 2017 से पेपर लीक करने का कार्य कर रहा है। उसने 2023 में केंद्रीय विद्यालय की परीक्षा का पेपर लीक कराया था जिसमें बनारस का साथी हिमांशु जेल गया था। उसने यूपी फॉरेस्ट 2022 की परीक्षा का पेपर भी उनके द्वारा लीक कराई गया थी। पेपर लीक करने की एवज में मिले पैसों से उसने तथा मनु ने अलीगढ़, नोएडा, बरसाना आदि में जमीन में प्लॉट खरीदे थे। पकड़े गए आरोपी को थाना सेक्टर-39 पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ एसटीएफ द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**सिक्योरिटी गार्ड...**

साथ बहलोलपुर गांव में किराए पर रह रही थी। मंगलवार की शाम को खुशबू की बहन जब घर पहुंची तो उसे वह फांसी के फंदे पर लड़की मिली। उसने पड़ोसियों की मदद से उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसी थाना क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में गुलिस्ता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि गुलिस्ता का अपने पति हसन सिंह से वाद विवाद हो गया था इसी बात से गुस्सा होकर उसने फांसी लगा ली।

**पिछड़ा वर्ग का सर्वाधिक...**

वे आज भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा सलारपुर गांव में चलाये गए सामाजिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष उमेश यादव ने की तथा संचालन मोर्चा के महामंत्री भगत भाटी ने किया।

उमेश त्यागी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग का सर्वाधिक विकास व कल्याण मोदी सरकार में ही हुआ है। इस मौके पर जिला मंत्री यश नागर, संदीप चौधरी, सीतम भाटी, सुरेन्द्र बंसल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**इंस्पेक्टर का...**

उन्हें दरवाजा खुला हुआ मिला। कमरे में चार्जिंग पर लगा हुआ मोबाइल फोन तथा तकिये के नीचे रखा पर्स गायब था। पर्स में 8 हजार रूपए भी रखे हुए थे। इंस्पेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है

**महिला विरोधी है...**

विरोधी है ऐसी सरकार को इस चुनाव में बंगाल की जनता उखाड़ फेंकेगी। पश्चिम बंगाल की पुलिस आरोपी को बचा रही है। महिला समन्वय बौद्धिक प्रमुख अनीता जोशी ने कहा कि पूरे देश की महिलाएं संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ी हैं। उन्होंने गृहमंत्री से मांग की कि मुख्य आरोपी शहजाद शेख को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

इस अवसर पर विभाग समन्वय टीम से रश्मि सोलंकी, स्मृति राय, अर्चना त्यागी, प्रियंका सिंह, राजश्री गुप्ता समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

**राइफल चुराने वाला...**

एडीसीपी नोएडा ने बताया कि इस मामले की जांच पड़ताल कर रहे थाना प्रभारी बीती रात्रि बारात घर के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए इन युवकों को रोकने का इशारा करने पर वह भागने लगे और पीछा करने पर उन्होंने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश ने अपना नाम रबल पुत्र रमजान खान निवासी पिपली जनपद बदायूं बताया। पुलिस ने कांबिंग के दौरान दूसरे बदमाश दयाल सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासी नयाबांस को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से गनमैन की चोरी की गई राइफल, 7 कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए दोनों आरोपियों के अपराधिक इतिहास की पड़ताल की जा रही है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**रात के अंधेरे में...**

अवैध व अनधिकृत निर्माण की सूचना मिलने पर वर्क सर्कल 8 के स्टाफ द्वारा काम को रुकवाने का कई बार प्रयास किया गया। इसके बावजूद भी संजीव कुमार त्रिपाठी द्वारा रात में यहां लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की भूमि पर अनुमति प्राप्त किए बिना किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**फर्जी इंश्योरेंस...**

उसे रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमाकृत बताया था और इसकी प्रति कोर्ट व थाने में लगा दी थी। शिरीष मिश्रा के मुताबिक दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर उनकी कंपनी द्वारा इंश्योर्ड नहीं था। न्यायालय में चले वाद के दौरान रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को विपक्षी बनाते हुए 25 लाख 50000 रूपये का दावा किया गया। यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इस बात की जब कंपनी को जानकारी मिली तो जांच पड़ताल की गई। जांच पड़ताल में पता चला कि उक्त ट्रैक्टर उनकी कंपनी से इंश्योर्ड नहीं है। रामवीर ने फर्जी कागजातों के आधार पर अपने ट्रैक्टर को उनकी कंपनी से इंश्योर बताते हुए लाभ लेने का अनुचित प्रयास किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

## तेज रफ्तार टैम्पो पलटा, चालक की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सेक्टर-63 में तेज गति में आ रहा टेंपो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया इस हादसे में टेंपो चालक की मौत हो गई।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया की बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 63 के पास डिवाइडर से टकराकर एक टेंपो पलट गया है इस हादसे में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल टेंपो चालक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान टेंपो चालक की मौत हो गई। टेंपो चालक की पहचान अररिया बिहार निवासी वसीम पुत्र जहांगीर के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

## मिट्टी की डांग गिरने से हुई व्यक्ति की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मिट्टी की डांग गिरने की वजह से गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। युवक के परिजन उसे अलीगढ़ से उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल लेकर आए थे। जेवर थाना प्रभारी ने बताया कि मूल रूप से पिसावा अलीगढ़ निवासी 45 वर्षीय अशोक पुत्र चमन सिंह को गंभीर स्थिति में परिजन उपचार के लिए जेवर स्थित कैलाश अस्पताल लेकर आए थे। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया उन्होंने बताया कि अशोक पिसावा में ही मिट्टी की ढंग गिरने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया था शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## व्हाट्सएप पर भेजी बहन की निजी तस्वीरें

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** एक युवती ने अपने दोस्त के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि उसके दोस्त ने उसकी निजी तस्वीरें तथा वीडियो उसके भाई के व्हाट्सएप पर भेज दी। इसके अलावा वह उसे आए दिन जान से मारने की धमकी देता है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईटा-2 में रहने वाली प्रिया ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि सेक्टर अल्फा वन निवासी धर्मेंद्र चौहान से उसकी पिछले 6 साल से दोस्ती है। धर्मेंद्र चौहान शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। धर्मेंद्र पिछले कुछ समय से उसे उसके निजी फोटो व वीडियो उसके दोस्तों तथा परिजनों को भेजकर धमकी दे रहा है। प्रिया के मुताबिक धर्मेंद्र ने एक मार्च को उसकी निजी फोटो व वीडियो उसके भाई को व्हाट्सएप पर भेज दी। उसने जब इस बारे में उससे बात की तो धर्मेंद्र चौहान ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक धर्मेंद्र आए दिन उसके साथ गाली गलौज भी करता है। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## 500 रुपये को लेकर हुई मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** तुगलपुर गांव में महज 500 रूपये के विवाद में पड़ोसियों में जमकर लात-घूंसे चले। मारपीट में कई लोगों को चोटें आई हैं। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से हरदोई निवासी दीपू ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ तुगलपुर गांव में करण गुर्जर के मकान में किराए पर रह रहा है। उसके बराबर में रहने वाले अरविंद कुमार की पत्नी ने उसकी पत्नी से 500 रूपये उधार ले लिए थे। मंगलवार को जरूरत पड़ने पर उसने जब अरविंद से अपने 500 रूपये मांगे तो उसने इनकार कर दिया। इस बात को लेकर वाद विवाद हो गया। इस दौरान अरविंद के रिश्तेदार चिराग ने गाली-गलौज शुरू कर दी। चिराग व उसके एक अन्य साथी ने विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। दीपू की शिकायत पर पुलिस ने अरविंद व उसके साले के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं अरविंद ने भी दीपू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## तमंचे के साथ बदमाश पकड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना कासना पुलिस में एक बदमाश को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था।

थाना प्रभारी विद्युत अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम संदिग्ध लोगों की तलाश में गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक बदमाश अवैध असलाह के साथ आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शराब के ठेके के पास से बदमाश को तमंचे व कारतूस के साथ दबोच लिया।

पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम तरुण पुत्र प्रदीप निवासी खानपुर बताया। तरुण ने बताया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के राधे से घूम रहा था। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

**जन्मदिन की बधाई**



तुम जियो हजारों साल
साल के दिन हों पचास हजार

कुमकुम तिवारी पुत्री महेश तिवारी, निवासी-सेक्टर-22, नोएडा के जन्मदिन पर चेतना मंच परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

चेतना मंच परिवार

## रशिया में गोल्ड मेडल जीतकर वैष्णवी ने देश का गौरव बढ़ाया: मुख्यमंत्री यादव



**भोपाल ।** रशिया में आयोजित इंटरनेशनल मास्को वुशु चैम्पियनशिप के 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर मध्यप्रदेश के सतना की वैष्णवी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि वैष्णवी ने एमपी सहित देश का गौरव बढ़ाया है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि एमपी और देश को आप पर गर्व है। उन्होंने पोस्ट में लिखा वैष्णवी बिटिया ने रशिया में आयोजित इंटरनेशनल मास्को वुशु चैम्पियनशिप-2024 में 48 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मैडल जीतकर सतना की बेटी वैष्णवी ने मध्यप्रदेश सहित देश का गौरव बढ़ाया है। प्यारी बिटिया आप ऐसे ही स्वर्णिम सफलताएं अर्जित कर आगे बढ़ती रहो आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं एवं ढेर सारा आशीर्वाद।

# प्रणीत ने संन्यास लिया

**नई दिल्ली ।**

भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल बी साई प्रणीत ने खेल से संन्यास ले लिया है। 31 साल की उम्र में खेल को अलविदा कहने वाले प्रणीत ने साल 2019 की विश्व चैम्पियनशिप में तीसरा स्थान हासिल करने के साथ ही कांस्य पदक जीता था। प्रणीत ने 2019 विश्व चैंपियनशिप सत्र में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। इस प्रकार 36 साल बाद ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बने थे। इससे पहले साल 1983 में दिग्गज खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीता था।

साल 2019 प्रणीत के लिए बेहद अहम रहा था। विश्व चैंपियनशिप सत्र में कांस्य पदक जीतने के अलावा इस खिलाड़ी ने 2013 थाईलैंड ओपन के पहले राउंड में 2003 के ऑल इंग्लैंड चैंपियन मलेशिया के मुहम्मद हाफिज हाशिम को हराया था। उन्हें अर्जुन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। प्रणीत ने उन्हें दिये समर्थन के लिए गोपीनाथ अकादमी का भी आभार जताया है। हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर को समाप्त करने की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा। भावनाओं के मिश्रण के साथ, मैं विदाई देने और उस खेल से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करने के लिए इन शब्दों को लिख रहा हूं जो 24 वर्षों से अधिक समय से मेरा जीवन रहा है। प्रणीत एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। आने वाले समय में वह अमेरिका में ट्रायंगल बैडमिंटन अकादमी के मुख्य कोच के रूप में अपनी सेवाएं देते नजर आएंगे।



## खास खबर



## तमिलनाडु के कप्तान पर टिप्पणी के लिए कोच पर भड़के कार्तिक

**मुम्बई ।** क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने तमिलनाडु के कप्तान साई किशोर पर टिप्पणी के लिए टीम के कोच सुलक्षण कुलकर्णी की आलोचना की है। कोच ने इससे पहले कहा था कि कप्तान साई के पहले बल्लेबाजी के फैसले के कारण ही टीम को सेमीफाइनल में मुम्बई के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। कुलकर्णी ने पहले बल्लेबाजी करने के लिए साई को दोषी ठहराया और यहां तक कि दावा किया कि वे टॉस के साथ ही मैच भी हार गए थे जबकि मैंने कहा था कि इस प्रकार के मैदान पर पहले गेंदबाजी की जाती है। वहीं कार्तिक ने कोच द्वारा की गई टिप्पणियों की आलोचना की। विकेटकीपर ने कहा कि वह कुलकर्णी की टिप्पणियों से निराश हैं। उन्होंने साई का साथ देने की जगह उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह बहुत गलत है। कोच की ओर से यह बहुत निराशाजनक टिप्पणी है जबकि उन्हें अपने कप्तान का समर्थन करना चाहिये था। उस कप्तान का समर्थन करने के की जगह जिसने 7 साल बाद टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया है और यह सोचकर कि यह अच्छी चीजों के होने की शुरुआत है, कोच ने अपने कप्तान को पूरी तरह से बाहर कर दिया है। मुंबई ने तमिलनाडु को सेमीफाइनल में पारी और 70 रनों से हरा दिया था।

## आई पी एल में पंजाब किंग्स ने अब तक बदले हैं सबसे ज्यादा कप्तान



**मुम्बई ।** 22 मार्च से शुरु हो रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले प्रशंसक इस लीग को लेकर कई बातें जानना चाहते हैं। एक सवाल जो प्रशंसकों के मन में उठ रहा है वह ये है कि इसमें सबसे ज्यादा बार किस लीग ने कप्तान बदला है। तो इसका जवाब है पंजाब किंग्स जिसे पहले किंग्स इलेवन पंजाब के नाम से जाना जाता था। ये प्रीति जिंटा के मालिकाना अधिकार वाली टीम है। पंजाब किंग्स ने अब तक सबसे ज्यादा 15 कप्तान बदले हैं। वहीं दूसरे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स की टीम है। तीसरा नंबर सनराइजर्स हैदराबाद का आता है। मुंबई इंडियंस ने 9 कप्तान बदले हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइटराइडर्स ने अब तक कुल 7 सात 7 कप्तान बदले हैं। वहीं आईपीएल का सबसे पहला खिताब जीतने वाले राजस्थान रॉयल्स ने अब तक 6 कप्तान बदले हैं। वहीं गुजरात टाइटंस ने तीन बार कप्तान बदले हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने अब केवल तीन बार कप्तान बदला है। सनराइजर्स हैदराबाद ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया है। वह इस टीम के 10वें कप्तान हैं।

# अपने 100वें टेस्ट से पहले अश्विन ने कहा, 'मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था'



**नई दिल्ली,**

भारतीय स्पिन लीजेंड रविचंद्रन अश्विन अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने खुलासा किया कि मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था क्योंकि वह हर दौरे के बाद एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए अपने आप में वापस चले जाते हैं। धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान, अश्विन खेल के लंबे प्रारूप में अपना 100वां मैच खेलेंगे। राजकोट में चल रही श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में, अश्विन 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले नौवें और अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए तथा मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, कुंबले, ग्लेन मैकग्रा, कर्टनी वॉल्श और नाथन लियोन जैसे गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए। इसके अलावा, उन्होंने घरेलू टेस्ट में 350 विकेट की बाधा को तोड़ दिया और कुंबले को पीछे छोड़ते हुए भारत के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने 99 टेस्ट मैचों में 507 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट लिए हैं। अपने महत्वपूर्ण अवसर से पहले, अश्विन कुंबले के साथ जियोसिनेमा पर स्पिन मास्ट्रोस कार्यक्रम में बातचीत कर रहे थे। यह पूछे जाने पर कि यदि चीजें सही नहीं होती हैं या सही होती हैं तो आप किस पर भरोसा करते हैं? अश्विन ने कहा,: मैं एक व्यक्ति के पास वापस जाता हूं और यह उस व्यक्ति के लिए बहुत तनावपूर्ण है। वह व्यक्ति मैं हूं। उन्होंने कहा,÷क्योंकि मुझे लगता है कि क्रिकेट सबसे महान आत्म-विचार वाले खेलों में से एक है। और यदि आप अपने बारे में निर्दयी और बहुत आलोचनात्मक हैं, तो मुझे लगता है कि यह आपके चेहरे पर सच्चाई देखेगा। भारत में पर्याप्त और अधिक आलोचक हैं जो ऐसा करेंगे आपको बता देंगे, उनमें से 10 आपको गलत बातें बताएंगे, लेकिन वे निश्चित रूप से आलोचनात्मक हैं। लेकिन उनमें से 10 आपको सही चीजें भी बताएंगे। इसलिए, जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, मेरी सबसे बड़ी पीड़ा यह है कि मैं अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं ले पाता, जितना मुझे लेना चाहिए था। लेकिन, इससे मुझे एक बेहतर क्रिकेटर बनने में भी मदद मिली है। मैंने लगातार चीजों में सुधार की तलाश की है और मैंने यह सुनिश्चित कर लिया है कि किसी विशेष दिन मैं जो हूं उससे मैं बहुत असहज हूं। और फिर मैं ड्राइंग बोर्ड पर वापस आता हूं और इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं कि खेल में और अधिक लाने के लिए मैं और क्या कर सकता हूं। अश्विन ने कहा, उदाहरण के लिए, स्टीवन स्मिथ ने मेरे खिलाफ शतक बनाया है, मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं, या जो रूट ने शतक बनाया है, मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं। इसलिए लगातार वह विचार एक नई कार्रवाई शुरू करता है और अंततः इसने मेरे लिए वर्षों काम किया है इसलिए मैं वहां आराम से बैठा हूं।

इस महत्वपूर्ण अवसर से पहले बोलते हुए, अश्विन ने विनम्रतापूर्वक अपनी क्रिकेट यात्रा के दौरान अपने परिवार के अपार समर्थन और त्याग को स्वीकार किया। वह इस बात पर जोर देते हैं कि जहां 100वां टेस्ट व्यक्तिगत महत्व रखता है, वहीं यह उनके पिता, मां, पत्नी और बच्चों के लिए और भी अधिक मायने रखता है, जो उनके लिए समर्थन और प्रोत्साहन के दृढ़ स्तंभ रहे हैं। अश्विन ने कहा, 100वां टेस्ट मेरे लिए बहुत मायने रखता है, लेकिन यह मेरे पिता, मां, पत्नी और यहां तक कि मेरे बच्चों के लिए भी अधिक मायने रखता है। मेरे बच्चे टेस्ट को लेकर अधिक उत्साहित हैं। एक खिलाड़ी की यात्रा के दौरान परिवार बहुत कुछ झेलता है।

# यशस्वी को मिल सकता है फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड



**दुबई ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में दो दोहरे शतक के साथ ही अब तक सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। ऐसे में वह फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी की दौड़ में सबसे आगे हो गये हैं। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की इस दौड़ में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पाथुम निसांका भी शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग में यूएई की कविशा ई और ईशा ओझा और ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की दौड़ में शामिल हैं। आईसीसी ने कहा ,''अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए महिला और पुरूष वर्ग में नामांकन घोषित कर दिये हैं। पिछ्ले माह कई बड़े मुकाबले खेले गए हैं और आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में टेस्ट क्रिकेट में बड़े स्कोर बनाने वाले दो खिलाड़ी और हैं।''

यशसवी पहली बार इस पुरस्कार की रेस में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट में 655 रन बनाये हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम और राजकोट में दोहरे शतक लगाये थे। राजकोट में उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक 12 छक्कों का रिकार्ड बनाया था। 22 साल और 49 दिन की उम्र में लगातार दो दोहरे शतक लगाकर यशस्वी सर डॉन ब्रैडमेन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। वहीं दूसरे दावेदार न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# कश्मीर की अनस और आयरा ने मॉस्को स्टार्स वुशु इंटरनेशनल में जीते स्वर्ण

**नई दिल्ली ।**

जम्मू कश्मीर की अनसा चिश्ती और आयरा चिश्ती ने रुसी मॉस्को स्टार्स वुशु इंटरनेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने वजन वर्ग 52 और 56 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इन दोनो ने ही फाइनल में रूसी खिलाड़ियों को हराया और अपने प्रशंसकों के साथ-साथ अपने प्रदेश और देश का नाम रौशन किया है। जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल की प्रमुख नुजहत गुल ने सोशल मीडिया पर घाटी की इन दो प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने वजन वर्ग 52 और 56 में असाधारण प्रदर्शन किया है। उन्होंने फाइनल में रूसी खिलाड़ियों को हराया और अपने प्रशंसकों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों का सम्मान बढ़ाया है। आयरा का ये तीसरा अंतरराष्ट्रीय पदक है। इस महिला खिलाड़ी ने इससे पहले उन्होंने जॉर्जिया में स्वर्ण और इंडोनेशिया में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अब यह अंतरराष्ट्रीय वुशु चैम्पियनशिप में लगातार तीसरा पदक है और पिछले साल उन्हें राज्य पुरस्कार के लिए भी चुना गया था। आयरा पहली वुशु महिला एथलीट हैं जिन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया था। वहीं इसी प्रकार अंतराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में दूसरा पदक जीतने वाली अनसा ने इससे पहले जॉर्जिया इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।





## प्रवीण ने कहा , गांगुली जैसे कप्तान हैं रोहित

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा है कि वह पूर्व कप्तान सौरव गांगुली जैसे हैं। प्रवीण ने कहा कि रोहित भी सौरव की तरह पहले तो खिलाड़ियों को डांटते हैं फिर बाद में उन्हें गले भी लगाते हैं। रोहित मैदान पर मैच के दौरान अपनी टीम के खिलाड़ियों को डांटते हैं पर साथ ही उन्हें निडर होकर भी खेलने को कहते हैं। इसी कारण उनकी तुलना गांगुली से की जाती है। प्रवीन ने कहा, रोहित एक बेहद शानदार कप्तान हैं। उन्होंने टीम का नेतृत्व बहुत ही बेहतरीन तरीके से किया है। वहीं गांगुली एक ऐसे कप्तान हुए जिन्होंने टीम को बनाया था। उन्होंने टीम को युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को मिलाकर तैयार किया। वहीं रोहित भी यही कर रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान को डांट लगाई थी। दोनों ड्रिंक के दौरान वापस आने लगे थे पर रोहित ने ड्रेसिंग रूम से ही दोनों को इशारे में डांट लगाते हुए कहा अभी बल्लेबाजी करो वापस आने किसने कहा है। यह वीडियो काफी ज्यादा वायरल भी हुआ था। इसके अलावा सरफराज खान को फिल्डिंग के दौरान हेलमेट ना लगाने पर कहा था कि ज्यादा हीरो मत बनो। इसके अलावा रवींद्र जडेजा को नो बॉल करने पर फटकारते हुए कहा था कि आईपीएल में तो नो बाल नहीं डालता। प्रवीन ने कहा, जब टीम के साथी खिलाड़ी गलती करते हैं तो उनको रोहित डांट लगाते हैं और इसके बाद जाकर गले भी लगाया करते हैं। वह अपने सभी खिलाड़ियों को मैच के दौरान प्रेरित करने के साथ ही सलाह भी देते हैं।

# भारत-इंग्लैंड धर्मशाला टेस्ट के दौरान बारिश और ओले गिरने की संभावना

**मुम्बई ।**

भारत और इंग्लैंड के बीच सात मार्च से धर्मशाला में शुरु हो रहे पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में खराब मौसम बाधक बन सकता है। भारतीय टीम इस सीरीज में 3-1 से आगे है। ऐसे में अगर इस मैच में बारिश के कारण मैच नहीं होता है तो भी भारतीय टीम पर कोई प्रभाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार मैच के दौरान धर्मशाला में ओले गिरने के साथ-साथ बारिश भी हो सकती है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार 7 फरवरी को धर्मशाला में बारिश हो सकती है। इस दौरान बारिश के साथ साथ ही ओले भी गिर सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो पहले दिन का खेल शायद ही हो पाये। इस दौरान दिन का सबसे अधिक तापमान 7 डिग्री जबकि सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इंग्लैंड के खिलाड़ियों को इतनी ठंडे मौसम में खेलने की आदत है पर भारतीय टीम के लिए खेलना आसान नहीं रहेगा। इससे पहले इस साल की शुरुआत में मोहाली में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ठंड से परेशान थी। अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले अभ्यास सत्र में अधिकतर क्रिकेटर ठिठुरते दिखे थे। ऐसे में पांच दिन तक खेलना भारतीय टीम के लिए आसान नहीं रहेगा। पांचवे टेस्ट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप।




## मां की मौत से अब तक नहीं उबर पाये हैं कमिंस




**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि गत वर्ष भारत दौरे पर जाना उनके लिए सबसे कठिन था। इसका कारण है कि उन्हें पता था कि मां की बिमारी के चलते उन्हें कभी भी स्वदेश लौटना पड़ा सकता है। कमिंस की मां की मौत हो गयी है और इस सदमे से वह अभी तक नहीं उबर पाये हैं। कमिंस ने कहा कि तब टेस्ट सीरीज के दौरान घर पर उनकी मां का इलाज चल रहा था। कमिंस की मां मारिया की पिछले साल कैंसर से मौत हो गयी थी। कमिंस ने में कहा, जब मैं भारत के लिए विमान में बैठ रहा था तो मुझे पता था कि मुझे कुछ सप्ताह में ही वापस घर लौटना होगा। कमिंस टेस्ट श्रृंखला के लिए भारत में थे पर बीच में ही वह दौरा छोड़कर स्वदेश लौट गये थे हालांकि तब उनके स्वदेश लौटने का कारण नहीं बताया गया था। , कमिंस ने कहा कि उन्होंने अपनी मां मारिया के अंतिम दिनों की यादों को निजी रखने की कोशिश की और उन्हें यह नहीं बताया कि पिछले साल भारत में दो टेस्ट खेलने के बाद वह घर क्यों चले आ गये थे। उन्होंने कहा, मां और पिताजी को एक साथ बैठकर मुझे खेलते हुए देखकर आनंद मिलता था। इससे मुझे जाने और खेलने के लिए पर्याप्त आत्मविश्वास मिला और वे इसके लिए बेताब थे, उन्होंने मुझे जाने और खेलने के लिए कहा जबकि मुझे पता था कि मुझे किसी भी समय वापस लौटना पड़ सकता है।

## सचिन ने अनंत और राधिका को अनौखे अंदाज में बधाई दी



**मुम्बई ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मुकेश और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को अपने ही अंदाज में बधाई दी है। सचिन ने प्री वेडिंग समारोह में अनंत और राधिका आशीर्वाद देते हुए एलबीडब्ल्यू कहकर इस शब्द को एक नया अर्थ दिया। सचिन ने अनंत और राधिका के जामनगर में हुए तीन दिवसीय प्री वैडिंग समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, एलबीडब्ल्यू का मतलब अनंत और राधिका के लिए प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाएं है! इस खूबसूरत जोड़ी को शुभकामनाएं। अनंत की प्री-वेडिंग पार्टी में सचिन के अलावा कई प्रमुख भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया है। समारोह में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, जहीर खान, ड्वेन ब्रावो, एमएस धोनी भी नजर आए थे। सचिन आईपीएल सत्र में अंबानी परिवार के मालिकाना अधिकार वाली मुंबई इंडियंस टीम के मैंटोर की भूमिका निभाते हुए दिखेंगे। मुम्बई ने अब तक 5 आईपीएल खिताब जीते हैं ओर सचिन इस संख्या को और बढ़ाना चाहेंगे। मुम्बई ने इस सत्र के लिए हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया है।



# काशी में शुरू हुई तमन्ना भाटिया की क्राइम-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग

दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार तमन्ना भाटिया अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह अपनी एक नई फिल्म को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। तमन्ना भाटिया की आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर एक नई अपडेट सामने आ रही है। तमन्ना की इस नई फिल्म की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है। फिल्म के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी।

## काशी में फिल्माया गाया फिल्म का अहम सीन

तमन्ना भाटिया अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग शुरू होने से बेहद खुश हैं। तमन्ना के साथ इस फिल्म में हेबा पटेल और वशिष्ठ एन. सिम्हा भी नजर आएंगे। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। डी मधु मधु क्रिएशन्स और संपत नंदी टीमवर्क्स के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। ये फिल्म अपनी दिलचस्प कहानी और दमदार अभिनय से दर्शकों को लुभाने का वादा करती है। आज एक मार्च से फिल्म की शूटिंग प्राचीन शहर काशी में शुरू हुई है। टीम ने पवित्र नदी गंगा के घाटों पर फिल्म से जुड़ा महत्वपूर्ण सीन फिल्माया है।

## गंगा किनारे शुरू हुई फिल्म की शूटिंग

ओडेला 2 के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में फिल्म की टीम गंगा किनारे नजर आ रही है। तमन्ना इन तस्वीरों में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने हल्के गुलाबी रंग का सूट पहना हुआ है। माथे पर पूजा का तिलक लगाया हुआ है। फैंस को इस फिल्म में तमन्ना की भूमिका का बेसब्री से इंतजार है। अभिनेत्री के फैंस ये जानने के लिए उत्सुक है कि वह फिल्म में किस भूमिका में दिखाई देंगी। खासकर तब क्योंकि यह फिल्म पवित्र शहर काशी पर आधारित है।

## आखिरी बार बांद्रा में नजर आई थीं तमन्ना

तमन्ना के फैंस को उम्मीद है कि वह फिल्म में एक यादगार किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। ओडेला 2 का साउंडट्रैक प्रसिद्ध बी. अजनीश लोकनाथ द्वारा रचित है। उन्हें कंतारा जैसी फिल्मों में अपने शानदार काम के लिए जाना जाता है। तमन्ना भाटिया आखिरी बार अरुण गोपी द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म बांद्रा में नजर आई थीं।

# कार्ल अर्बन के साथ जमेगी प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी



**प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है, वहीं अब अभिनेत्री ने अपनी एक और नई हॉलीवुड फिल्म की घोषणा कर दी है।**

प्रियंका ने आधिकारिक तौर पर अपनी नई मनोरंजक फिल्म द ब्लफ की घोषणा कर दी है। हालांकि, बीते कुछ समय से ये खबरें सामने आ रही थीं कि अभिनेत्री ने यह फिल्म साइन की है, लेकिन अब उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए आधिकारिक तौर पर इस पर मुहर लगा दी। फिल्म में प्रियंका हॉलीवुड अभिनेता कार्ल अर्बन के साथ अभिनय करेंगी।

## प्रियंका ने साझा किया पोस्ट

प्रियंका की यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। द ब्लफ का निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स करेंगे। हिट फिल्म बॉब मार्ले- वन लव के सह-लेखन के बाद उन्हें लोकप्रियता मिली थी, इस फिल्म ने दुनिया भर में 120 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की थी। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट साझा किया और लिखा, कभी-कभी हमें आशा होती थी कि यदि हम जिंदा रहे और अच्छे रहे तो भगवान हमें समुद्री डाकू बनने की अनुमति देंगे।

## फिल्म की कहानी

वहीं बात करें द ब्लफ की कहानी के बारे में तो यह 19वीं सदी के कैरेबियन पर आधारित है और एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की कहानी है। प्रियंका चोपड़ा समुद्री डाकू की भूमिका निभाएंगी। फिल्म की कहानी परिवार की रक्षा करने के इर्द-गिर्द भी घूमती है। निर्माता फिल्म की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म का निर्माण एजीबीओ के एंथोनी रूसो, जो रूसो, एंजेला रूसो-ओटस्टोट और माइकल डिस्को द्वारा किया जाएगा।

## प्रियंका की आने वाली फिल्मों

वहीं बात करें प्रियंका चोपड़ा की आने वाली फिल्मों के बारे में तो द ब्लफ के अलावा अभिनेत्री के पास कुछ हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनमें जॉन सीना के साथ हेड ऑफ स्टेट और सिटाडेल 2 शामिल हैं। प्रियंका अभिनेत्री आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म जी ले जरा के जरिए बॉलीवुड में भी वापसी करेंगी।



# हाय पापा के बाद अब एक्शन करते नजर आएंगे नानी

साउथ स्टार नानी वर्तमान में इंडस्ट्री के टॉप अभिनेताओं में से एक है। कुछ समय पहले नानी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म हाय पापा रिलीज हुई थी, जिसे दर्शक खूब पसंद किया। हाय पापा की सफलता के बाद नानी अपनी अपकमिंग फिल्म सारिपोधा सनिवारम को लेकर चर्चा में हैं। बीते शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का टीजर जारी किया, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। टीजर रिलीज के बाद मेकर्स ने फिल्म के रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। सारिपोधा सनिवारम फिल्म का निर्देशन विवेक अथरेया ने किया है, जिन्होंने नानी के साथ साल 2022 में अंते सुंदरानिकी का निर्देशन किया था। सोशल मीडिया एक्स पर मेकर्स ने फिल्म की पोस्टर शेयर कर इसके रिलीज डेट की घोषणा की। नानी का यह चर्चित फिल्म इस साल 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म को लेकर एक दिलचस्प बात यह भी है कि मेकर्स ने तेलुगु में सनिवारम शब्द का मतलब शनिवार होता है। वहीं, फिल्म से जुड़ी हर बड़ी अपडेट शनिवार के दिन ही सामने आई है। बीते साल अक्टूबर में फिल्म के मुख्य महिला किरदार के लिए प्रियंका मोहन को चुना गया, वहीं, सूर्या भी फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। इसके अलावा साई कुमार और सुभलेखा सुधाकर भी इसमे अहम किरदार में नजर आएंगे।

एंग्री यंग मैन  के रोल में नजर आएंगे नानी वन मैन आर्मी की थीम पर आधारित इस फिल्म को डीवीवी दानय्या अपने प्रोडक्शन हाउस डीवीवी एंटरटेनमेंट बैनर तले बना रहे हैं। फिल्म का संगीत जेक्स बेजॉय तैयार कर रहे है। फिल्म के टीजर में नानी का अवतार बेहद दमदार नजर आया। नानी फिल्म सूर्या के किरदार में हैं, जिनका रोल फिल्म में बेहद गुस्से वाला है। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या नानी की यह फिल्म हाय नन्ना की तरह कमाल दिखाती है या नहीं।

# टाइगर ने 14 की उम्र में शुरू कर दी थी मार्शल आर्ट प्रैक्टिस



अभिनेता टाइगर श्रॉफ आज 2 मार्च को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। टाइगर फिल्मी पृष्ठभूमि से आते हैं। वे जैकी श्रॉफ के बेटे हैं। अभिनय के साथ-साथ टाइगर अपने एक्शन और डांस के लिए भी मशहूर हैं। टाइगर का असली नाम जय हेमंत श्रॉफ है, लेकिन घर में उन्हें प्यार से टाइगर कहकर बुलाया जाता है। फिल्मी दुनिया में भी अब वे इसी नाम से जाने जाते हैं। टाइगर श्रॉफ ने वर्ष 2014 में आई फिल्म हीरोपंती से डेब्यू किया। टाइगर ने अब तक बागी,  ए फ्लाइंग जट, बागी 3, स्टूडेंट ऑफ दि ईयर 2 , वॉर 2 जैसी फिल्मों में काम किया है। टाइगर मार्शल आर्ट में माहिर हैं। उन्होंने बाकायदा इसकी ट्रेनिंग ली है। बहुत कम लोग ही जानते हैं कि 14 साल की उम्र से उन्होंने मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। वह ताइक्वांडो में फिफ्थ डिग्री ब्लैक बेल्ट हासिल कर चुके हैं।

## टाइगर के लिए नशा है एक्शन

टाइगर श्रॉफ की फिल्मों में उनका एक्शन भरपूर दिखाई देता है। फैंस उनके स्टंट देखकर हैरान रह जाते हैं। टाइगर ने एक्शन की प्रेरणा अभिनेता अक्षय कुमार और जैकी चेन से ली है। बीते दिनों टाइगर अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में आए थे। इस दौरान उन्होंने अपने एक्शन प्रेम को लेकर बताया, मैं बचपन से एक्शन करता आया हूं। बचपन से अक्षय सर, जैकी चेन की फिल्में देखकर सीखा है। यह मेरे लिए नशा है।

## कौन सी है पसंदीदा एक्शन फिल्म?

टाइगर श्रॉफ की पसंदीदा एक्शन फिल्म की बात करें तो इस लिस्ट में युद्ध का नाम सबसे ऊपर है। उन्होंने बताया, मेरी पसंदीदा हिंदी एक्शन फिल्म युद्ध थी, जिसमें मेरे पिता जैकी श्रॉफ थे। अक्षय सर के स्टंट का भी मैं फैन हूं। मुझे फ्लाइट में बैठने का फोबिया है। खिलाड़ी 420 मूवी में वे प्लेन के विंग्स पर खड़े थे और स्टंट कर रहे थे। उनसे काफी कुछ सीखने का मौका मिला है।

## फिटनेस का राज?

टाइगर श्रॉफ अपनी फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। इसका राज उनके डेली रुटीन और आहार में छिपा है। टाइगर श्रॉफ हर दिन कसरत करते हैं। उन्होंने बताया,  मैं सुबह साढ़े छह-सात बजे तक उठ जाता हूं। फिर रनिंग करने जाता हूं। घर लौटकर नाश्ता करता हूं। विटामिन डी लेता हूं। जिम जाकर मार्शल आर्ट ट्रेनिंग करता हूं। शूटिंग न हो तो घर आकर झपकी लेता हूं। फिर दोबारा जिम जाकर स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करता हूं। हालांकि, एक दिन वह चीट डे रखते हैं और अपना पसंदीदा खाना एंजॉय करते हैं।



# सांवली त्वचा की बॉलीवुड में कोई जगह नहीं है

मिर्जापुर 2 वेब सीरीज से दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाले दिब्येंदु भट्टाचार्य हाल ही में पोचर वेब सीरीज में नजर आए थे। दिब्येंदु को अक्सर नेगेटिव भूमिका में ही देखा जाता है। यही नहीं, दर्शक उनके विलेन की भूमिका को काफी सरहाते भी हैं। अब हाल ही में, दिब्येंदु ने फिल्म इंडस्ट्री में सांवले रंग के अभिनेताओं के साथ होने वाले भेदभाव के बारे में खुलकर बात की है। दिब्येंदु ने हाल ही में, एक इंटरव्यू में कहा कि वह लगन से काम करते हैं, लेकिन इस बात से पूरी तरह वाकिफ हैं कि वह कभी भी 500 करोड़ रुपये की फिल्म में अभिनय नहीं करेंगे और  वह ऐसी फिल्मों में अभिनय करने की इच्छा नहीं रखते हैं।  दिब्येंदु ने कहा, मुझे जो भी काम मिलता है, मैं करता हूं। मुझे 500 करोड़ रुपये की फिल्म में अभिनय करने की कोई ख्वाहिश नहीं है। मुझे इस तरह की फिल्मों के ऑफर नहीं किए जाते हैं, लेकिन मुझे जो भी मिलता है, मैं उसे पूरी लगन से करता हूं। इंटरव्यू में आगे जब दिब्येंदु से उनके पिछले बयान के बारे में पूछा गया कि सांवले रंग के अभिनेताओं को सकारात्मक भूमिकाएं नहीं मिलती हैं तो अभिनेता ने सहमति में सिर हिलाया और कहा यही धारणा है। इसके बाद अभिनेता ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की तुलना हॉलीवुड से की और कहा कि पश्चिम के पास सभी रंग के लोगों को कास्ट करने का विचार होता है, लेकिन भारतीय तेजी से अधिक रंग भेदभाव की तरफ बढ़ते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय बहुत ज्यादा रंगभेद करने लगे हैं। इसके बाद दिब्येंदु ने सांवली त्वचा वाले अभिनेताओं को कास्ट करने के रवैये पर कहा कि उन्होंने एक बार टीवी पर एक शो देखा था, जिसमें भगवान कृष्ण की भूमिका एक गोरे रंग वाले अभिनेता ने निभाई थी। पौराणिक ग्रंथों और कहानियों में कृष्ण को काले रंग का व्यक्ति बताया गया है।

# करियर में बड़ा बदलाव करना चाहते हैं आयुष्मान

आयुष्मान खुराना अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। हाल ही में, अभिनेता ने बताया की आने वाले समय में वो किस तरह की फिल्में करने वाले हैं। आयुष्मान ने बताया कि हर अभिनेता के लिए कुछ रोल को प्ले करना आसान होता है तो कुछ को निभाना मुश्किल होता है। अभिनेता ने कहा, चैलेंजिंग रोल करने के बाद ही मजा आता है एक्टर को बाकी 'बधाई हो', 'चंडिगढ़ करे आशिकी हो', वहां पर फिजिकैलिटी पर काम था, भाषा तो मुझे आती थी। अभिनेता ने ये भी बताया कि आने वाले समय में वे बड़ी कमर्शियल भी करने वाले हैं और कर रहे हैं। हालांकि, अभिनेता ने यह भी कहा कि वे आने वाले दिनों में भी दर्शकों का मनोरंजन करते रहेंगे।



# लोक अदालत में 5300 वादों का निस्तारण

**नोएडा ( चेतना मंच )**। वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में आज जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में किया गया, जिसमें विभिन्न जिला न्यायालयों द्वारा कुल 5300 वादों का निस्तारण किया गया।



श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा न्यायालयवार प्राप्त विवरण के अनुसार बताया गया कि श्रीमती शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय द्वारा 52 वाद, प्रदीप कुशवाहा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-तृतीय द्वारा 32 वाद, श्रीमती नूपुर श्रीवास्तव, सिविल जज सी0डि0/एफटीसी द्वारा 08 वाद, श्रीमती आकृति, सिविल जज जू0डि0/एफटीसी-प्रथम द्वारा 26 वाद, श्रीमती रिचा शुक्ला, पीठासीन अधिकारी वर्चुअल कोर्ट द्वारा 5182 वादों का निस्तारण किया गया। उपरोक्तानुसार विशेष लोक अदालत में कुल 5300 मामलों का निस्तारण किया गया।

# बिसरख व खेड़ा चौगानपुर में अवैध निर्माण को ढहाया

## 60 हजार वर्ग मीटर एरिया पर बने अवैध निर्माण को तोड़ा

## कालोनाइजर अधिसूचित एरिया में बना रहे थे अवैध कालोनी





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )**। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम खेड़ा चौगानपुर की अधिसूचित और बिसरख की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन पर बन रहे अवैध निर्माण को तोड़ दिया। प्राधिकरण की टीम ने करीब 60 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई है, जिसकी कीमत करीब 120 करोड़ रुपये होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव खेड़ा चौगानपुर प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव के खसरा नंबर 225 और 229 की जमीन पर अवैध निर्माण कर कालोनी काट रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, प्रबंधक प्रशांत समाधिया, सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी व गौरव बघेल की टीम स्थानीय सुरक्षाकर्मियों के साथ मंगलवार सुबह मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ढहा दिया। टीम ने करीब 40 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त करा लिया है। 5 जेसीबी और एक डंफर का इस्तेमाल कर यह कार्रवाई की गई। इसी तरह बिसरख के खसरा नंबर 676, 698 और 699 की 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को भी अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए प्राधिकरण ने कब्जे में ले लिया है। यह प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन है। इसके साथ ही बिसरख में ही खसरा नंबर 639 और 640 की जमीन पर अतिक्रमण शीघ्र हटाने के कड़ी चेतावनी दी गई है। ओएसडी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने हर वर्क सर्किल को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने लोगों से अपील की है कि इन कालोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।



# मोदी सरकार में किसान हितों को प्राथमिकता : डा.महेश शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )**। सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम ''गाँव चलो अभियान'' के तहत जेवर विधानसभा के ग्राम लुक्सर, खानपुर, सिरसा, सलेमपुर गुर्जर, बागपुर, दादूपुर, नवादा, रोशनपुर, मुरशदपुर का दौरा किया।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश के डबल इंजन की सरकार ने विकास कार्यो से शहर एवं गांव की दूरी को मिटा दिया है। सड़कों के निर्माण कार्यो से आज शहर से गांव तक ही नहीं बल्कि देश में एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचना आसान हो गया है। उन्होनें कहा कि सरकार आज आपके द्वार है और मोदी सरकार की गारंटी है कि सरकार किसानों के हित के कार्यो को प्राथमिकता देती है।

## सांसद ने कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान, जनता से किया संवाद

सांसद ने कहा कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में एक बार पुन: कमल खिला कर क्षेत्र के विकास में भागीदार बनें।

इस कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि जेवर सोनू वर्मा, राहुल पंडित, पंकज कौशिक, मंडल अध्यक्ष दिनेश भाटी, पूर्व मंडल जगदीप नागर, सोविन्दर नेताजी, कुकी चेयरमैन, राजेंद्र प्रधान, जिले सिंह, दीपक नागर, सुमित भाटी, धनपाल प्रधान, प्रेमराज प्रधान, अजब सिंह मुकद्दम, गौरव शर्मा, श्याम शर्मा, नीरज शर्मा, यषु शर्मा, अखिलेश नागर, सतेन्द्र भाटी, शिव कुमार प्रजापति नवीन पंडित, सुनील नागर, पिन्टू रोहतास भाटी, अमित प्रधान, सिंगा पंडित, मनीष शर्मा आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बाइक रैली का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण : बिमला बाथम



**नोएडा ( चेतना मंच )**। भाजपा द्वारा 'नारी शक्ति वंदन संपर्क अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन बाइक रैली' का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली डीएम चौराहे से होते हुए सब मॉल, सेक्टर-27 पर समाप्त हुई। श्रीमती बिमला बाथम इस बाइक रैली में मुख्य अथिति के रूप में रही और उन्होंने अबकी बार 400 पार के उद्घोष से इस रैली को शुरू किया गया।

इस बाइक रैली के द्वारा महिलाओं द्वारा नारी शक्ति का संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा महिलाओं के सम्मान में किए गए कार्यों को जनता तक पहुँचाने का कार्य भी किया गया।

बिमला बाथम ने कहा कि इस रैली के द्वारा हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाकर एक समृद्ध समाज का निर्माण करना है। महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि और सशक्तिकरण और महिलाओं के कौशल के लिए हमारी सरकार समर्पित है।

महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी, महिला मोर्चा प्रभारी कुमुद शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी सुचित्रा पाठक कक्कड, गीरिजा सिंह, शिवानी शरद, ऊषा किशोर, साइमा चौधरी, आशा पोद्दार, पूनम सिंह, ज्योती सक्सेना, प्रज्ञा पाठक, राजश्री गुप्ता, रेनु शर्मा, मीडिया प्रभारी नीता बाजपेई, रेखा सिंह, खुशबू चौहान, पुष्पा भट्ट,शारदा सिंघल, मंजू शर्मा, ममता तिवारी आदि महिलाएँ मौजूद रही।

# गौतमबुद्धनगर में राजकुमार भाटी या गजराज नागर पर दांव लगाना चाहती है सपा!

**गौतमबुद्धनगर ( चेतना मंच )** लोकसभा चुनाव-2024 का विधिवत ऐलान होने वाला है। ऐसे में पूरे देश के साथ ही साथ नोएडा (गौतमबुद्धनगर) की लोकसभा सीट पर भी खूब राजनीति हो रही है। नोएडा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशी का नाम पहले ही घोशित कर दिया है। अब सभी यह इंतजार कर रहे हैं कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट) सीट से विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) तथा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का प्रत्याशी कौन होगा? खबर है कि नोएडा सीट पर सपा का नेतृत्व दो महत्वपूर्ण नामों पर विचार कर रहा है। इनमें से एक नाम सपा के प्रसिद्ध प्रवक्ता राजकुमार भाटी का तथा दूसरा नाम बसपा छोड़कर सपा में आए गजराज नागर का है। पता चला है कि यें दोनों ही नेता नोएडा सीट पर लोकसभा का चुनाव लड़ने से मना कर रहे हैं।



समाजवादी पार्टी के विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि समाजवादी पार्टी के नेतृत्व ने नोएडा सीट पर ध्यान केन्द्रित किया है। सपा के मुखिया अखिलेश यादव अपनी पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार भाटी अथवा बसपा से सपा में आए चेयरमैन गजराज सिंह नागर में से किसी एक को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। सूत्रों का दावा है कि राजकुमार भाटी तथा गजराज नागर ने नोएडा की सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। सूत्रों का दावा है कि समाजवादी पार्टी के कुछ बड़े नेता तथा पार्टी संगठन के लोग राजकुमार भाटी तथा गजराज सिंह नागर को नोएडा से चुनाव लड़ने के लिए तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। यह समाचार लिखे जाने तक नोएडा से चुनाव लड़ने पर इन दोनों ही नेताओं ने ना-नुकर करने वाला नजरिया अपना रखा है।

जानकार सूत्रों का दावा है कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर लोकसभा) सीट से समाजवादी पार्टी के एक दर्जन नेता लोकसभा का टिकट मांग रहे हैं। जिन लोगों ने दावेदारी पेश की है उनमें नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सक्रिय सपा के नेता फकीर चंद नागर, डा. महेन्द्र सिंह नागर, पीताम्बर शर्मा, रामशरण नागर एडवोकेट, जगदीश शर्मा तथा सुनील चौधरी समेत अनेक नेता नोएडा सीट पर सपा के टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। हम आपको बता चुके हैं कि कांग्रेस तथा सपा के गठबंधन में नोएडा की सीट (गौतमबुद्धनगर) समाजवादी पार्टी के हिस्से में आई है। सपा के सूत्रों का दावा है कि जल्दी ही समाजवादी पार्टी नोएडा सीट पर अपने प्रत्याशी का ऐलान कर देगी। राजनीतिक विश्लेषक नोएडा सीट से राजकुमार भाटी तथा गजराज सिंह नागर में से किसी एक के चुनाव लड़ने की प्रबल संभावना देख रहे हैं। नोएडा की सीट पर बसपा की तरफ से कोई दावेदार सामने नहीं आ रहा है।

